हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 6 मई 2026



# फोटो लेने के बहाने गाड़ी में बैठाकर पद्मश्री फुलबासन का अपहरण, रास्ते में चालान काटने पुलिस ने रूकवाया तब खुला मामला, दो महिला सहित चार आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने वाली मां बम्लेश्वरी फेडरेशन की अध्यक्ष पद्मश्री फुलबासनबाई यादव के अपहरण का मामला सामने आया है।

आज सुबह लगभग 10.30 बजे पद्मश्री फुलबासनबाई यादव के सुकुलदैहान स्थित निवास में एक लड़की स्कॉर्पियो वाहन के साथ पहुंची। जिसमें उन्होंने पद्मश्री फुलबासन से कहा कि वाहन में एक दिव्यांग लड़की बैठी है, जो आपकी बहुत बड़ी प्रशंसक है। आपके साथ फोटो खींचना चाहती है, उसकी स्थिति गाड़ी से उतरने लायक नहीं है। आप 2 मिनट चलकर उसके साथ फोटो खींचा लें। पद्मश्री फुलबासन ने दूर से ही लड़की को गाड़ी में बैठे देखा और गाड़ी के पास पहुंची, जहां भीतर बैठकर फोटो खींचने कहा गया। इसके बाद जैसे ही वह गाड़ी में बैठी, पहले से गाड़ी में मौजूद दो अन्य पुरूष उन्हें अंदर की ओर खींच लिया।

## जबर्दस्ती अपने साथ गाड़ी में बैठाया, पुलिस टीम कर रही जांच-पड़ताल

### पूछताछ जारी

खुशबू साहू प्लानिंग के तहत वाहन लेकर पहुंची थी, उसके साथ तीन अन्य भी थे। जबर्दस्ती गाड़ी में ले जाना पाया गया, कहां ले जा रहे थे, किस संबंध में ले जा रहे थे, आरोपियों से इसकी पूछताछ की जा रही है।

\- कीर्तन राठौर, एएसपी



### मेयर को देख फफक पड़ी फुलबासन

पद्मश्री फुलबासन के साथ जिस लड़की को दिव्यांग बनाकर लाया गया था, वह चलने फिरने योग्य है, लेकिन उन्हें झूठ बोलकर वाहन तक बुलाने के लिए षड्यंत्र रचा गया। घटना के बाद मामले की रिपोर्ट करने सुकुलदैहान पुलिस चौकी पहुंची। फुलबासन महापौर मधुसूदन यादव के आते ही भावुक हो उठी और उनके आंसू छलकने लगे। महापौर मधुसूदन यादव ने फुलबासन की बात विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मोबाइल पर कराई। इस दौरान डॉ. रमन सिंह ने उनसे घटना की पूरी जानकारी ली।

### युवती द्वारा अपहरण की साजिश रचने का अंदेशा

पद्मश्री फुलबासन का कहना है कि खुशबू नामक युवती बहुत दिनों से उनसे कह रही थी कि मुझे आपकी तरह बनना है, आपकी जगह लेना है। इससे पहले भी खुशबू उनसे संपर्क करते हुए दो दिन पहले गाड़ी लेकर घर आई थी, तब उसने किसी सम्मेलन में चलने जिद की, लेकिन फुलबासन ने मना कर दिया था और आज दिव्यांग युवती से फोटो खींचने का बहाना लेकर वह आई और बलपूर्वक उनका अपहरण कर लिया।

**बिहान आजीविका मिशन को लेकर नाराजगी:** पद्मश्री फुलबासन ने कहा कि आरोपी खुशबू बिहान संस्था से लेकर कुछ नाराजगी जाहिर कर रही थी। वह कह रही थी कि बिहान आजीविका मिशन आप चलाती हैं। आजीविका मिशन में महिलाओं के साथ गद्दारी होता है, कई के पति मर गए, कई महिलाएं बर्बाद हो गई। फुलबासन ने कहा कि यह संस्था सरकार की है, उनकी नहीं है, लेकिन उसने इसका विरोध किया। पद्मश्री फुलबासन का कहना है कि वह लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है, लेकिन आज वह असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि आज अपहरण से अहसास हो गया था कि आज का दिन उनके जीवन का आखिरी दिन है, लेकिन भगवान की कृपा रही, पुलिस वालों ने चेकिंग पाईंट लगाया था तो उन्हें बचा लिया गया।

इस दौरान उन्हें बलपूर्वक गाड़ी में बिठाकर ले जाया गया। उन्होंने विरोध किया तो कहा गया कि आज तुम्हारा केक काटने वाला है। जिसकी सूचना राजनांदगांव को मिल जाएगी। बंद गाड़ी में ले जाते समय शहर के चिखली पुलिस चौकी द्वारा चेकिंग पाईंट लगाया गया था, जहां पर गठुला नाला के समीप पुलिस की चेकिंग पाईंट ने स्कॉर्पियो वाहन चालक द्वारा सीट बेल्ट नहीं लगाने पर उक्त वाहन को रोका और चालानी कार्रवाई के लिए 300 मांगे, तभी वाहन में बैठी लड़की बेमेतरा के बिमोरी निवासी खुशबू साहू ने कहा कि आवाज मत करना और मुंह दबा दिया गया, तभी फुलबासन ने एक जोर का झटका दिया और अपना पैर दरवाजे पर मारा, तभी भीतर बैठी खुशबू ने कहा कि कुछ नहीं हुआ है मिर्गी आ रहा है, तभी पद्मश्री फुलबासन ने बचाने के लिए पुलिस से मदद का इशारा किया। पुलिस जवानों ने उन्हें वाहन से नीचे उतारा और उन्हें पहचानते हुए बचा लिया।

## खबर संक्षेप

### बाइक में शराब ले जाते आरोपी पकड़ा गया



**राजनांदगांव।** बाइक में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में चिचोला पुलिस ने आरोपी को पकड़कर देशी शराब व बाइक को जब्त कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति ग्राम रंगीटोला से ग्राम महाराजपुर गुरूदेव राईस मिल की ओर काला पल्सर से बैग में अवैध रूप से शराब बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर पल्सर वाहन वाहन को रूकवाकर नाम-पता पूछने पर अपना नाम हिमांशु सिन्हा 22 वर्ष निवासी रंगीटोला पुलिस चौकी चिचोला का होना बताया। तलाशी लेने पर एक सफेद मटमैला प्लास्टिक बोरी एवं बैग में शोले देशी प्लेन शराब 72 अद्धी कीमती 11,520 रुपए एवं मोटर साइकिल पल्सर को जब्त किया। आरोपी हिमांशु सिन्हा 22 वर्ष निवासी रंगीटोला को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

### पिकअप में मवेशी ले जाते दो गिरफ्तार

**मोहला।** पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशियों को भरकर महाराष्ट्र ले जाने की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 मवेशी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार गोटाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली थी कि वाहन में अवैध रूप से मवेशियों को भरकर महाराष्ट्र ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने 4 मई को मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर वाहन पिकअप को पकड़ा। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 4 नग बैल पाए गए। मौके पर आरोपी डोमेंद्र विश्वकर्मा एवं मनोहरलाल को गिरफ्तार किया गया। जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। पुलिस के अनुसार जांच में पाया गया कि मवेशियों को वाहन में ठूंसकर बिना किसी वैध दस्तावेज, स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक सुविधा खाना-पानी के क्रूरतापूर्वक परिवहन किया जा रहा था।

## 982 फडों में हो रही हरे सोने की तोड़ाई, अच्छे दामों में बिका तेंदूपत्ता

# नक्सल खौफ समाप्त: हरे सोने की तोड़ाई में जुटे पचास हजार संग्राहक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ का हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ते की तोड़ाई का काम एक मई से शुरू हो गया है। हर बार लाल आतंक की साया में तोड़ाई का काम किया जाता था। जिससे अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती थी, लेकिन अब प्रदेशभर में नक्सल खात्मे के बाद पहली बार वनांचल में नक्सल खौफ के बगैर करीब पचास हजार संग्राहक 982 फड़ो में तोड़ाई के काम में जुट गए हैं। वन महकमे ने इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी थी।

इस बार नक्सलवाद का असर नहीं होने का असर दामों में भी देखने को मिला है। बताया गया कि मोहला-मानपुर में इस बार प्रति बोरा मानक 12 हजार रुपए से अधिक दाम सामने आया है। जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगावं अंतर्गत डोंगरगढ़ क्षेत्र को छोड़कर वनमंडल राजनांदगांव के अन्य क्षेत्र तथा मोहला वनमंडल के समस्त क्षेत्र सम्मिलित हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के जंगलों में हर साल गर्मियों के साथ शुरू होने वाला तेंदूपत्ता संग्रहण सिर्फ एक मौसमी काम नहीं, बल्कि लाखों आदिवासी और वनवासी परिवारों की आजीविका का आधार है। वन क्षेत्रों में तेंदूपत्ता आदिवासी समाज की जिंदगी का अहम हिस्सा है। बीड़ी उद्योग में इस्तेमाल होने वाले इन पत्तों की मांग हर साल बनी रहती है और इसी के सहारे हजारों गांव में गर्मियों के महीनों में रोजगार मिलता है।

### खास बातें

- नक्सल खौफ समाप्त होने के बाद तेंदूपत्ता के दामों में इजाफा
- एक मई से तोड़ाई का काम हो गया वनांचल में शुरू, बारिश से खराब होगी क्वालिटी!



### कुंडकल में सर्वाधिक दाम

अविभाजित जिले में इस बार तेन्दूपत्ता के दामों में काफी इजाफा देखने को मिला है। बताया गया कि एमएमसी जिले के कुंडकल फड़ में सर्वाधिक 12 हजार 591 प्रति मानक बोरा का दाम तय हुआ है। वहीं सबसे कम 4748 प्रति मानक बोरा साल्हेवारा के लिए आया है। ज्ञात हो कि खैरागढ़ जिले में 20 समितियों के 256 फड़, राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक की 7 समितियों के 87 फड़ एवं राजनांदगांव एवं एमएमसी जिले के 50 समितियों के 639 फड़ में तोड़ाई की जाएगी।

### 5500 रुपए पारिश्रमिक तय

तेन्दूपत्ता तोड़ाई प्रदेश के वनांचल इलाके आय का प्रमुख साधन में से एक है। खास बात यह है कि इस काम में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल होती है। जिससे परिवार की कुल आय में संतुलन बनता है। यही वजह है कि तेंदूपत्ता संग्रहण को सरकार ग्रामीण रोजगार का मजबूत जरिया मानती है। वहीं छत्तीसगढ़ में वर्ष 2026 में तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा का मानदेय यानी पारिश्रमिक मिलेगा।

### कई योजनाएं भी संचालित

इसके अतिरिक्त तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना जैसे प्रतिभाशाली छात्रवृत्ति योजना, मेधावी छात्रवृत्ति योजना, गैर व्यावसायिक छात्रवृत्ति योजना, व्यावसायिक छात्रवृत्ति योजना एवं परिवार के सदस्यों के लिए राजमोहनी देवी तेन्दूपत्ता संग्राहक योजना, संघ संचालित सामूहिक सुरक्षा योजना संचालित है। वर्ष 2025 में तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के एक महिला सदस्य को 49799 नग जूती वितरण किया गया है।

## फर्जी नियुक्ति आदेश के जरिये 34 लोगों से डेढ़ करोड़ की ठगी डोंगरगढ़ का शिक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति आदेश जारी करने वाले डोंगरगढ़ के एक सरकारी शिक्षक सहित दो आरोपियों को रायपुर ग्रामीण पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने व्हाट्सएप के जरिये आदेश वायरल कर 34 लोगों से करीब 1.5 करोड़ रुपए की ठगी की।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने सामान्य प्रशासन विभाग, नवा रायपुर के नाम से फर्जी नियुक्ति आदेश तैयार किया था। जिसमें परिवहन, राजस्व, आपदा प्रबंधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और स्कूल शिक्षा विभाग में भर्ती का उल्लेख किया गया था। आदेश को असली दिखाने के लिए सचिव और उप सचिव के डिजिटल हस्ताक्षर का दुरूपयोग किया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना राखी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2), 336(3), 3(5) एवं आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कम्प्यूटर-प्रिंटर जब्त

बताया गया कि इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के पास से उपयोग किए गए कम्प्यूटर सेट और प्रिंटर जब्त किए हैं। जिनका इस्तेमाल फर्जी नियुक्ति आदेश तैयार करने में किया गया था। जिससे भी और जानकारी जुटाई जा रही है।

### पहले भी ली थी रकम

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने भिलाई की एक महिला से नौकरी के नाम पर 1.90 लाख रुपए लिए थे, जिसे बाद में लौटा दिया गया था। शिकायत के बाद उन्होंने फर्जी आदेश का प्रसार बंद कर दिया था।

### तकनीकी जांच से खुला राज

मामले की शिकायत 24 अप्रैल 2026 को थाना राखी में दर्ज हुई थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सोशल मीडिया विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की। मुख्य आरोपी शिक्षक राजेश शर्मा उर्फ राजू को डोंगरगढ़ से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने साथी मनोज कुमार श्रीवास्तव के साथ मिलकर ठगी की साजिश रचने की बात स्वीकार की।

## वेस्टर्न डिस्टरबेंस से अंचल में बेमौसम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से अंचल में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिला है। मंगलवार शाम को राजनांदगांव जिले में बेमौसम बारिश देखने को मिली। इस बारिश से पहले ही तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन और बारिश हो सकती है। जिसके बाद ही तापमान में वृद्धि का दौर देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ, ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में कश्मीर और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तरप्रदेश के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण मध्यप्रदेश के मध्य भाग में 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण मध्यप्रदेश से बिहार तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका दक्षिण मध्यप्रदेश से मन्नार की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

**दो दिन और बारिश के आसार:** मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में कल 6 मई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। बताया गया कि जिले में अगले दो दिन ऐसा ही वातावरण रहने का अनुमान है। हालांकि उसके बाद तापमान में वृद्धि हो सकती है।

## बाइक में कर रहा था गांजा तस्करी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बाइक में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में गांजा परिवहन किए जाने के मामले पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। आरोपी से लगभग डेढ़ लाख रुपए का गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 मई को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दुर्ग-सोमनी से कलडबरी होते हुए मुडपार की ओर एक व्यक्ति द्वारा मोटर साइकिल से अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहा है।

**भागने का प्रयास, घेराबंदी कर पकड़ा**

इस सूचना पर थाना घुमका एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कलडबरी दसवां मील चौक में मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर के बताए अनुसार सफेद-नीले रंग की बजाज पल्सर मोटर साइकिल आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

### 14 किलो 520 ग्राम गांजा बरामद

तलाशी लेने पर आरोपी के पिट्ठू बैग से 7 पैकेटों में कुल 14 किलो 520 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी डामेश साहू 21 वर्ष निवासी मुडपार के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड मिलने पर जेल दाखिल किया गया। इस कार्रवाई में थाना घुमका एवं साइबर थाना राजनांदगांव की टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## ग्रामीणों में दहशत, घायलों का मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी

# जंगली सुअर के हमले से आधा दर्जन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में एक बार फिर जंगली जानवर के हमले की खबर सामने आई है। बताया गया कि डोंगरगढ़ के एलबी नगर क्षेत्र के पास कोहलाकसा गांव के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। इस हमले में 5 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

गांव के लोगों में उस समय दहशत का माहौल निर्मित हो गया, जब एक जंगली सुअर भागते हुए जो-जो सामने आए, उन पर हमला कर दहशत फैलाते रहा। जंगली सुअर के हमले से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिसकी सूचना मिलने पर तत्काल उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह के समय चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत जब लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे, कुछ लोग जंगल की ओर तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे, इसी दौरान एक जंगल सुअर ने उन पर हमला कर दिया। वहीं भागते हुए अन्य स्थानों पर भी अपने काम में लगे लोगों पर हमला करते चला गया। अचानक हुए इस हमले से गांव के लोगों में दहशत व्याप्त हो गया। बताया गया कि घटनास्थल के आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को जैसे ही इस घटनाक्रम की जानकारी मिली, क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। इधर इस मामले के बाद लोगों ने वन विभाग से भी जंगल क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिकोण से गश्त बढ़ाने की मांग रखीं है। ज्ञात हो पिछले कुछ समय में कई ऐसी घटनाएं सामने आ चुकीं है।

### घायलों का उपचार जारी

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जंगली सुअर के इस हमले से फूलबाई, मालतीबाई, मुरली, खेदूराम, अंजनीबाई, सरस्वतीबाई व उर्मिला। जिसमें गंभीर रूप से घायल लोगों को मेडिकल कॉलेज पेंड्री में उपचार हेतु लाया गया। जिनका उपचार जारी है।

### गश्त बढ़ाने की उठी मांग

बताया गया कि मई की शुरूआत के साथ ही वनांचल क्षेत्रों में तेंदूपत्ता की तोड़ाई शुरू हो गई है। तेंदूपत्ता सीजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण आजीविका के लिए जंगल जाते हैं, ऐसे में इस तरह की घटना ने उनकी सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगल में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने की मांग की है।

### माय एंगल



समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त



डॉ. जय टॉक
एम.डी.एस.
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)

उपलब्ध सुविधाएं
- चेहरे एवं मुँह के अंदर कैंसर का उपचार
- जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी
- दांतों के इम्पलान्ट् कार्य के स्पेशलिस्ट
- दुर्घटना से चेहरे की टूटी हड्डी का निशान रहित सर्जरी
- मुँह अथवा जबड़ों में कैंसर एवं गाँठ की सर्जरी
- गुटखा तम्बाखू आदि के सेवन से मुँह का कम खुलना
- कटेफटे कान, होठ और जन्मजात चेहरे एवं मुँह के विकृत अंगों का पुनर्निर्माण जबड़ों का टेढ़ेपन का इलाज
- चेहरे या सर में दर्द का इलाज
- अकल (विस्डम) डाढ़ की सर्जरी
- चेहरे के समस्त रोग एवं दर्द का उपचार
- चेहरे के घावों का उपचार
- मुँह का कम खुलने का इलाज
- चेहरे व गले में किसी प्रकार के गांठ,
- दाग, घाव मसा का निदान
- जबड़े के फेक्चर का उपचार

अपॉईटमेंट - 077443 56654, 94255 29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### आठवीं में अव्वल आया मेहुल



**साल्हेवारा।** ग्राम साल्हेवारा के छात्र मेहुल दास मानिकपुरी ने कक्षा 8वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 600 में से 544 अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मेहुल कीसफलता से उसके पिता राजूदास मानिकपुरी एवं माता महेश्वरी गर्वित हैं। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने नवदीप पब्लिक स्कूल खादी के डायरेक्टर धनीराम डोंगरे, प्रधानपाठिका मधु मानिकपुरी, शिक्षक कैलाश यादव आदि को दिया है।

### बीमा सखी योजना से युवाओं को मिला रोजगार



**चिचोला।** एलआईसी अभिकर्ता पूनाराम सिन्हा ने 50 से अधिक लोगो को रोजगार देने की सराहनीय पहल की है। बीमा सखी योजना के तहत श्री सिन्हा ने 50 से अधिक लोगो को एलआईसी से जोड़ा है जिससे उन्हे अच्छी आमदनी हो रही है। उनकी इस पहल से युवा जहां आत्मनिर्भर हुए है वहीं बीमा को लेकर लोगों में जागरूकता आई है। श्री सिन्हा ने बताया कि उनका उदेश्य अधिक से अधिक लोगों को एलआईसी से जोड़कर आय का साधन उपलब्ध कराना है। बीमा सखी योजना के तहत महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है जिससे वह आर्थिक रूप से सशक्त बन सके। उन्हे प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि एलआईसी में काम करने से उनकी आय बढ़ी है साथ ही पहचान भी मिल रही है।

### दसवीं में रूचिका देवांगन प्रथम



**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा में स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल छुईखदान की छात्रा रुचिका देवांगन ने 94.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने जिले में चतुर्थ स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।वह पद्मावतीपुर निवासी एलआईसी अभिकर्ता देवेंद्र देवांगन एवं शिक्षिका पुष्पा देवांगन की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता की मेहनत, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को दिया। उन्होंने बताया कि वह माता-पिता के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर मेहनत कर रही है। रुचिका को सरपंच, जनपद सदस्य सहित ग्रामीणों ने बधाई दी है।

### छात्राओं का परचम





**सड़क अतरिया।** प्राथमिक शाला जंगलपुर में पांचवीं के छात्रों ने बेहतर अंक अर्जित कर जिला में परचम लहराया है। लुकेश्वरी यादव ने 98 प्रतिशत तथा खुशी धुर्वे 96 प्रतिशत अंक पाकर जिला के टाप टेन में जगह बनाई है। विद्यालय को गौरवान्वित करने पर शिक्षक वर्षा रानी साहू, दिनेश जंघेल, संजय राजपूत, ऐमन जंघेल सहित अन्य ने उन्हे बधाई दी है।

### तिलईरवार स्कूल परिसर में लगाए गए सकोरे

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में पक्षियों एवं अन्य जीव जंतुओं के लिए सकोरे लगाए गए। इसके मुख्य प्रभारी यूथ एवं इको क्लब प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता ने बताया कि गर्मी में बढ़ते तापमान से निजात दिलाने का सबसे सरल साधन पानी है। पक्षियों एवं अन्य जंतुओं की प्यास बुझाने, भोजन के लिए दाना पानी की व्यवस्था सकोरे लगाकर किया गया है। असीम यदु ने बताया कि घर के बाहर, छत पर या बालकनी में मिट्टी के बर्तन में पानी रख सकते हैं। इस कार्य में प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, अशीम यदु, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

### भंडारपुर में समस्या निवारण शिविर का आयोजन

# प्रशासन पहुंचा ग्रामीणों के करीब जन समस्याओं का किया निदान

## योजनाओं से लाभांवित हुए हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत भंडारपुर में 4 मई को प्रथम जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर न केवल प्रशासनिक सक्रियता का प्रतीक बना, बल्कि ग्रामीणों के लिए भरोसेमंद मंच साबित हुआ, जहां उनकी समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया।

जानकारी के अनुसार शिविर में भंडारपुर क्लस्टर के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत भंडारपुर, बोईरडीह, घोघरे, हालेकोसा, जरहामहका, झिथराटोला, लालूटोला, मगरधोखरा, महाराजपुर, नागरकोहरा, रामपुर, रंगीटोला, शिकारीटोला, कल्लूटोला, पूरमटोला, शिकारीमहका एवं पिनकापार के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर शिविर स्थल पहुंचे।



### जनप्रतिनिधि रहे सक्रिय

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह भुआर्य, अनीता मंडावी, बीरम मंडावी, जनपद सदस्य उत्तरा निषाद, भेषबाई साहू, पलनी स्वामी नायडू, एमडी ठाकुर, हिरेंद्र साहू, बोधन साहू, खिलेश्वर साहू, हिरदे देवांगन, सुरेन्द्रसिंह भाटिया, अनिरुद्ध चंद्राकार, राधेश्याम शर्मा, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, उभेराम मंडावी, भारती देवांगन, लक्ष्मी मंडावी, राधिका चन्द्रवंशी, सुनीता सेवता, रेखा गंधर्व, सरपंच सीमा चंद्रवंशी, दशरथ चंद्रवंशी, डोमन पटेल, कुमारसाय साहू, शिशुपाल साहू, खिलेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### आवेदनों का त्वरित समाधान

शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, विद्युत, वन, श्रम और पशुपालन सहित 23 विभागों ने सेवाएं दी। शिविर में कुल 692 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 689 मांगें और 03 शिकायतों के थे। प्रशासन ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। निराकरण उपरांत संबंधित हितग्राहियों को सूचित किया जाएगा। शिविर में मनरेगा जॉब कार्ड, आवास पूर्ण करने पर अभिनंदन पत्र, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता किट, मछुआरों को जाल एवं आइस बॉक्स तथा मेधावी छात्रों को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। गर्मी को देखते हुए शिविर स्थल पर ओआरएस कॉर्नर की व्यवस्था की गई थी। शिविर में एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार आकांक्षा साहू, जनपद सीईओ होरीलाल साहू सहित अन्य शामिल हुए।

# छुईखदान से नहीं हटेगा उपकोषालय



- प्रतिनिधि मंडल की मांग पर मुख्यमंत्री की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान क्षेत्र के लिए कल का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ, जब सांसद संतोष पांडेय के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर वर्षों पुरानी समस्याओं को मजबूती और तथ्यों के साथ रखा।

सांसद पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उपकोषालय का मुद्दा केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि छुईखदान के सम्मान, अधिकार और अस्तित्व से जुड़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को क्षेत्र के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि 9 जनवरी 1953 को उपकोषालय स्थानांतरण के विरोध में हुए गोलीकांड में 5 लोगों ने बलिदान दिया था, जिसके कारण छुईखदान को शहीद नगरी के रूप में जाना जाता है। सांसद की प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से चर्चा कर घोषणा किया कि छुईखदान का उपकोषालय यथावत रहेगा। इस निर्णय को क्षेत्र की जनता की बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है।

### प्रतिनिधि मंडल ने रखी मांगें

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष एसडीएम कार्यालय की स्थापना, पेयजल संकट का समाधान, पात्र नागरिकों को नजूल जमीन का पट्टा, गंडई–छुईखदान क्षेत्र में शासकीय कार्यालयों का संतुलित वितरण, छुईखदान से मंडला, बिजलदेही- जालबांधा तक सड़क का निर्माण की मांग रखा। मुख्यमंत्री ने इन मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और प्रशासनिक संतुलन पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रेमनारायण चंद्राकर, गिरीश शर्मा, अरविंद शर्मा, राजलक्ष्मी पंसारी, रावल, नवनीत, भावेश, प्रदीप सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे।

# मुख्यालय में नहीं रहते लोक निर्माण विभाग के अफसर

- घर बैठे कर रहे निर्माण कार्यों का सत्यापन मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सड़क और भवन निर्माण की जिम्मेदारी संभालने वाला लोक निर्माण विभाग अधिकारी विहीन चल रहा है। विभाग में इंजीनियर सहित अन्य के लिए यहां आवास तो है किंतु मुख्यालय में कोई नहीं रहता। सभी कई किमी दूर से यदाकदा आते है।

स्थानीय रेस्ट हाउस के पीछे में बने क्वाटर सालों से वीरान पड़े हैं। लाखों की लगत से बने आवास देखरेख के अभाव में कंडम होने लगे है। सूत्रों ने बताया कि डोंगरगांव और तुमडीबोड क्षेत्र के इंजीनियर से अपना ठिकाना राजनांदगांव में बना रखा है तो खुज्जी और कुमारदा क्षेत्र का इंजीनियर सैकड़ों किमी दूर से कभी कभार मुख्यालय में आते है। यही हाल अर्जुनी क्षेत्र के इंजीनियर का है।

### निर्माण की अनदेखी

मुख्यालय में अधिकारियों के नहीं रहने से विभिन्न निर्माण ठेकेदारों के भरोसे चल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 18 करोड़ की लागत वाला सड़क चौड़ीकरण कार्य का बंटाढ़ार अधिकारियों की लापरवाही से हो गया। तीन- चार सालों में 3 किमी सड़क का कार्य पूरा नहीं हो सका है और अब भी डिवाइडर तथा नाली का कम अधूरा है।

# करोड़ों की मंजूरी फिर भी विकास पर लगा ग्रहण

## आपस से उलझे जनप्रतिनिधि, अधिकारी भी हुए लापरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकास के लिए प्रदेश सरकार ने करोड़ों की स्वीकृति दी है किन्तु भाजपा जनप्रतिनिधियों की आपसी खीचतान के चलते विकास कार्यो को गति नहीं मिल रही है।

जानकारी के अनुसार पर्यटन विभाग से स्वीकृत लगभग 50 करोड़ के कार्य पिछले 10 साल से अधूरे हैं। करोडों कार्य कमीशनखोरी और भाजपा नेताओं की आपसी खींचतान के चलते गति नहीं पकड़ पाए है। करोडो की लागत से बनने वाला परिक्रमा पथ भी विवाद में फँस गया है। दर्शनार्थियों की सुविधा की अनदेखी कर कुछ प्रभावशाली नेताओं को फायदा पहुंचाने के लिए उनकी जमीनों के किनारे से परिक्रमा पथ बनाने का प्रयास विभाग के लिए फांस बन गया है। प्रज्ञागिरी तीर्थ में बना उपासना केन्द्र में बरती गई अनियमितता प्रशासन पर सवाल खड़े कर रही है।

### अधिकारी फील्ड से गायब

क्षेत्र में जवाबदार अधिकारी भी जिम्मेदार निभाते नजर नहीं आ रहे है। कांग्रेस विधायक लगातार विभिन्न मुद्दों को लेकर आवाज मुखर कर रही है किन्तु सरकार उनकी आवाज को गंभीरता से नहीं ले रही है। वही भाजपा से जुड़े लोग आपस में ही उलझे हुए हैं। अधिकारी और इंजीनियर मुख्यालय में निवास करने के बजाए बाहर से आना जाना कर रहे है जिसका सीधा असर कार्य पर पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी हफ्ता पंद्रह दिन में एक- दो दिन ही कार्यालय पहुंचते है।जनपद पंचायत के आधे से ज्यादा कर्मचारी भी बाहर से आना जाना कर रहे हैं। नगर पालिका, वन विभाग में भी यही स्थिति बनी है।

### केन्द्र सरकार की योजना भी अपूर्ण

प्रसाद योजना अंतर्गत उपर मंदिर में स्वीकृत 7 करोड़ के कार्य अपूर्ण है। बताया जाता है कि ठेकेदार को प्रसाद योजना अंतर्गत 2024-25 में 5 करोड की अतिरिक्त राशि स्वीकृत होने के बाद भी श्री यंत्र, उपासना केन्द्र, उपर मंदिर सौर उर्जा कार्य गड़बड़ी के भेंट चढ़ गए है। इसी प्रकार शहर के मुख्य मार्ग के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में बीते 5 साल में बनी सडकों की जर्जर हालत विकास की पोल खोल रही है। मरम्मत के नाम पर अधिकारियों द्वारा राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों को आवश्यकता अनुरूप कार्य की स्वीकृति नहीं मिलने से जनता परेशान है।

### दम तोड़ रही सड़कें

प्रधानमंत्री सडक योजना के एसडीओ और इंजीनियर क्षेत्र में बनी सड़कों को देखने तक नहीं आते। वनांचल के पीपरखार, सीतागोटा, कारूटोला, कनेरी, बागरेकसा, चारभाटा, मोहनपुर में बनी सड़क देखरेख के अभाव मे खराब होते नजर आ रही है। 2 से 3 साल पहले बनी सड़कों में जगह जगह गढढे होने लगे हैं।

### कार्यकर्ताओं के समर्पण से बंगाल में जीत



**डोंगरगांव।** जिला भाजपा महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हिना मंगल जैन ने पश्चिम बंगाल, पांडिचेरी और असम में भाजपा की जीत पर प्रसन्नता जाहिर किया है। उन्होंने कहा पार्टी की सबसे बड़ी उपलब्धि पश्चिम बंगाल में जीत है। उन्होंने कहा कि यह जीत उन हजारों कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत, त्याग, समर्पण और साहस का नतीजा है जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बाद बंगाल में पार्टी का झंडा उठाए रखा और लगातार संघर्ष कर पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाया। इस सफलता के लिए बंगाल के सभी भाजपा कार्यकर्ता हमेशा अविस्मरणीय रहेंगे।

# अल्फा स्कूल में छात्र-छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अल्फा नेशनल मॉडल स्कूल खैरागढ़ में आयोजित 15 दिवसीय जूडो-कराटे समर कैंप का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। दाऊ चौरा स्थित विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना और उनमें आत्मविश्वास विकसित करना रहा।

समापन समारोह में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य डॉ.कमलेश्वर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जूडो-कराटे केवल खेल नहीं बल्कि छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक कौशल है।

ऐसी प्रशिक्षण गतिविधियाँ बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा करने में सक्षम बनाती हैं। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बच्चों में साहस, अनुशासन, मानसिक मजबूती और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक रूप से सक्षम बनने की भी आवश्यकता है ताकि वे हर चुनौती का सामना आत्मविश्वास से कर सकें।

समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों को जूडो-कराटे की प्रारंभिक तकनीकों, संकट की स्थिति में बचाव के उपाय, संतुलन, फुर्ती तथा आत्मरक्षा के व्यावहारिक अभ्यास कराए गए। प्रशिक्षकों ने विशेष रूप से बालिकाओं को दैनिक जीवन में सतर्कता और सुरक्षा के उपाय भी बताए।

### छात्रों ने दिखाया उत्साह

प्रशिक्षण शिविर में मो.अर्श, श्लोक डेकवारे, अंशुल महोबिया, डिंपल देवांगन, खुशी वासवानी, शेख फरहान, वियान मेश्राम, भव्या यादव, अल्बिना बानो और मोक्ष चंद्रवंशी सहित अनेक विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य नुसरत बानो, शिक्षिका नसीदा अली, रूपा यादव, महक यादव, प्रशिक्षक सुनील निषाद एवं खूबचंद साहू सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई


**राजनांदगांव।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों को समझाईस देकर अपालन पर कार्रवाई कर रही है।

इसी कडी में निगम का स्वास्थ्य अमला जयस्तंभ चौक क्षेत्र में अभियान चलाकर 11 दुकानों व ठेला खोमचा पर कार्रवाई कर 2 किलो पालीथीन जब्ती कर 1 हजार 6 सौ रुपए जुर्माना वसूलें। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कड़ा रूख अपना रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्रवाई कर रही है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कार्रवाई के संबंध में कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शासन निर्देश के अनुक्रम में निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है। समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाए जाने पर कार्रवाई कर रहे हैं। कार्रवाई की कड़ी में जयस्तंभ चौक के फल दुकान व ठेला तथा गन्ना रस दुकान में दबिश देकर 11 लोगों पर 1 हजार 6 सौ रुपए जुर्माना लगाकर 2 किलो प्रतिबंधित पालिथीन जब्त किए। गन्ना रस विक्रेताओं को प्लास्टिक के डिस्पोंज गिलास का उपयोग नहीं करने समझाईस भी दी गई, क्योंकि इससे बीमारी का खतरा रहता है।

## इस साल आम की बेहतर फसल

# सभी लोगों को लुभाने लगा खुज्जी का प्रसिद्ध लंगड़ा आम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी



आम से खास लोगों में अपने स्वाद से लुभाने वाला लंगड़ा आम पककर लोगों तक पहुंचने लगा है जिससे लोग खरीद भी रहे है। जानकारी के अनुसार लंगड़ा आम 250 से 300 साल पुरानी किस्म है जिसे लगाने की शुरुआत बनारस के एक शिव मंदिर से हुई थी।

बताया जाता है कि आम के पेड़ को सबसे पहले एक दिव्यांग पुजारी ने लगाया था जिसके कारण इसका नाम लंगड़ा आम पड़ा। इसे बनारसी लंगड़ा आम भी कहा जाता है। इसकी विशेषता यह है कि यह आम पकने के बाद भी बाहर से हरा रहता है लेकिन अंदर से मीठा और रसीला होता है। यह आम बनारस, सहारनपुर, बिहार आदि में बड़े पैमाने पर लगाया जाता है।

### छत्तीसगढ़ ऐसे पहुंचा आम

अपनी मिठास और सुगंध के कारण प्रसिद्ध यह आम छत्तीसगढ़ में व्यापार एवं इसके प्रसार पहुंचा था। खुज्जी रियासत के तत्कालीन जमींदार ने आम एवं अन्य फलों के बगीचे विकसित किए गए थे जहां का लंगड़ा आम भी है। रियासत काल 500 से भी अधिक पेड़ थे जिसकी संख्या घटकर 100 से 150 रह गई है जिसमें आम की उपज होती है। शिवनाथ नदी के तट पर स्थित बगीचे की कुछ जमीन किसानों को बेच दी गई है। शेष बची जमीन जिसमें आम के पेड़ लगे है को किसानों को लीज पर दिया गया है। किसान पेड़ो की देख भाल करते हुए आम की फसल लेते है। किसान पेमुल निषाद, शेखर निषाद, अमरलाल निषाद ,परमानंद निषाद, मेघु निषाद, चुन्नीलाल पटेल, जीतू सोनकर आदि ने बताया कि इस साल आम की फसल अच्छी है।

# साक्षर ग्राम सुखरी के सभी बच्चे उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



संपूर्ण साक्षर ग्राम का दर्जा प्राप्त ग्राम सुखरी में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा पांचवीं की केंद्रीय कृत परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

शाला की प्रधान पाठक सपना भारद्वाज ने गत दिनों परिणाम की घोषणा करते हुए बच्चों को अंक सूची प्रदान किया। श्रीमती भारद्वाज ने बताया कि शाला की मेधावी छात्रा खुशी मानिकपुरी ने 91 फीसदी अंक के साथ क्लास में प्रथम रैंक हासिल किया। इसी प्रकार नव्या साहू ने 90 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, सुहानी साहू ने 88 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसी क्रम में शिवानी तिवारी ने 87.50, घनश्याम साहू, हिमेश यादव ने 87, कोनिका, खुशिका, योगिता, आर्यन ,राज, लिहान ने A ग्रेड हासिल किया। परीक्षा में शामिल 15 छात्र छात्राओं में से एक छात्रा ए प्लस, 11 बच्चे ए ग्रेड और 3 बच्चे बी प्लस के साथ उत्तीर्ण हुए।सभी सफल बच्चों को शाला समिति के अध्यक्ष भीष्मदेव तिवारी, सरपंच सुरेन्द्र गिर गोस्वामी, प्रधान पाठक सपना भारद्वाज सहित अन्य ने बधाई दी है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विकास और सुशासन की नीति पर जनता की मुहर



**राजनांदगांव।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सांसद संतोष पांडे ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इन चुनाव परिणामों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व, विकासवादी सोच और सुशासन की नीतियों की ऐतिहासिक जीत बताया। सांसद श्री पांडे ने कहा कि यह जनादेश स्पष्ट संकेत देता है कि देश की जनता अब तुष्टीकरण और अराजकता की राजनीति को नकार चुकी है। मतदाताओं ने विकास, पारदर्शिता और स्थिर शासन को प्राथमिकता देते भाजपा और एनडीए के पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि "सबका साथ, सबका विकास" का मंत्र अब केवल नारा नहीं, बल्कि जन-जन की अपेक्षाओं का प्रतिबिंब बन चुका है। सांसद श्री पांडे ने इस सफलता का श्रेय भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं को भी दिया, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर जनसेवा और संगठन को मजबूत करने का कार्य किया।

### आक्सीजोन क्षेत्र में रास्ता बनाकर नहा रहे बच्चे

# नदी में अटखेलियां कर रहे हैं बच्चे, हर पल हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भीषण गर्मी के चलते इन दिनों पारा 44 डिग्री के करीब बना हुआ है। ऐसे में शहर के बीच शिवनाथ नदी में ऑक्सीजोन क्षेत्र की ओर से रास्ता बनाकर नदी के बीच नहाने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। स्थानीय लोगों ने शिवनाथ नदी के बीच इस क्षेत्र को मिनी गोवा के नाम से प्रसिद्ध किया हुआ है। जिसके चलते यहां बच्चे और किशोरों की संख्या अधिक दिखाई दे रही है। सूनसान क्षेत्र होने के चलते यहां पर नहाने पहुंचे लोग दिखाई नहीं देते हैं। ऐसे में कभी कोई हादसा होने पर त्वरित सहायता नहीं मिल पाएगी।

गर्मियों की छुट्टी लगते ही स्कूली बच्चे ऑक्सीजोन क्षेत्र के इस मिनी गोवा में नहाने पहुंचते हैं। लगभग दो-तीन घंटे तक बच्चे यहां पर नहाते हुए देखे जा सकते हैं। सुबह से देर शाम तक यहां नहाने के लिए आने वाले बच्चों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। कई बच्चे अपने परिवार के साथ पहुंचते हैं तो कहीं अकेले ही अपने मित्रों के साथ नहाने पहुंच जाते हैं। ऐसे में नदी के बीच तक जाने के चलते कई बार रेत में पैर फसने जैसे मामले भी सामने आए हैं। इसके बावजूद इस क्षेत्र में लापरवाही दिखाई दे रही है।

## सुनसान क्षेत्र होने के कारण खतरा



### पहले भी हो चुका है हादसा

शिवनाथ नदी में नहाने उतरने के दौरान डूबने से मौत के कई मामले सामने आ चुके हैं। वहीं कुछ समय पूर्व शिवनाथ नदी में एक बालक के डूबने से मौत हुई थी। इसके बाद भी क्षेत्र में नहाने पहुंचने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### सुरक्षित नहीं है बच्चे

गर्मी के दिनों में शिवनाथ नदी के इस मिनी गोवा में किशोर लगभग 10-15 की टोलियों में पहुंच रहे हैं। गलत टोली में लगभग 100 के करीब बच्चे यहां पहुंच रहे हैं। इस दौरान वे एक-दूसरे को मौज-मस्ती में पानी के बीच ढकेलकर उत्साहित होते हैं। बड़ी संख्या में बच्चों के यहां पहुंचने को लेकर भी किसी तरह का सुरक्षा इंतजाम एवं इस क्षेत्र को प्रतिबंधित करने योजना दिखाई नहीं दे रही है।

# पानी, सफाई का हाल देखने आयुक्त सुबह पहुंचे वार्डों में



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन की तरह सुबह आकस्मिक रूप से लखोली, कंचनबाग, जनता कालोनी में पहुंचकर पेयजल आपूर्ति व साफ-सफाई का जायजा लेकर वार्डवासियों से चर्चा की। उन्होंने जनता कालोनी में रोड एवं नाली में बिल्डिंग मटेरियल रखे देख कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मूलभूत सुविधा, सफाई, पानी, बिजली की वार्डों में व्यवस्था देखने प्रतिदिन की तरह लखोली, कंचनबाग, जनता कालोनी में सुबह पेयजल सप्लाई देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने लोगों से चर्चा की। उन्होंने पानी प्रभावित क्षेत्र में नियमित टैंकर से पानी सप्लाई करने संबंधित को निर्देश दिए। उन्होंने वाल्वमेन से कहा कि टंकी पूरी भरने के पश्चात ही पानी सप्लाई करें तथा वाल्व खोलने के पश्चात पानी सप्लाई क्षेत्र में घुमकर पाईप लाइन की जांच करें। गंदे पानी, कम पानी आने या किसी प्रकार की कमी पर संबंधित अधिकारी को अवगत कराएं।

### निर्धारित समय तक करें कार्य

पेयजल सप्लाई के अलावा साफ-सफाई निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रतिदिन सुबह समय में उपस्थिति लेकर उपस्थित कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करें, इसका विशेष ध्यान रखने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किया। सार्वजनिक शौचालय एवं तालाबों के आसपास साफ-सफाई रखने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सघन बस्ती में प्रतिदिन गलियों एवं नालियों की नियमित सफाई कर कचरा उठावे। जनता कालोनी में सड़क व नाली में बिल्डिंग मटेरियल देख संबंधित पर 5 सौ रुपए जुर्माना लगाया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण एवं गंदगी व मलमा फैलाने वाले के विरूद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने वार्डवासियों से चर्चा कर घर का कचरा रोड, नाली में न डालकर घर-घर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस दिए। उन्होंने घर के आसपास साफ-सुथरा रखने, वार्ड को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने सहयोग करने कहा।

# पहल : अब न्यायालयीन रीडर्स की कार्यप्रणाली की भी होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- कलेक्टर ने जिला न्यायालय से लेकर नायब तहसीलदार न्यायालय तक के रीडर्स की ली बैठक

जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए अब न्यायालयीन कार्यों से जुड़े रीडर्स की कार्यप्रणाली की भी नियमित समीक्षा की जाएगी।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला न्यायालय से लेकर नायब तहसीलदार न्यायालय तक के रीडर्स की बैठक लेकर न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने रीडर्स को प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए। सुनवाई के लिए यथासंभव कम अवधि की तिथि निर्धारित की जाए, जिससे प्रकरणों का त्वरित निष्पादन हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण में सभी पक्षों को सुनकर तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर समयबद्ध ढंग से आदेश पारित किया जाए।

### पारदर्शिता रखने के निर्देश

कलेक्टर ने न्यायालयीन कार्यवाही में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा प्रत्येक स्तर पर कार्यों की मॉनिटरिंग करने कहा। उन्होंने न्यायालयों में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने तहसील कार्यालयों में आने वाले नागरिकों के साथ अच्छे व्यवहार बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में आने वाले नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।

## पांच वाटर एटीएम चालू

**राजनांदगांव।** नागरिकों को एक रुपए में एक लीटर शुद्ध व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने नगर निगम द्वारा वर्षों पहले 6 स्थानों पर वाटर एटीएम स्थापना की गई थी, जो तकनीकी खराबी के कारण कुछ समय से खराब स्थिति में आ गई थी, जिसे महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर मरम्मत कर पांच वाटर एटीएम चालू किया गया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों नगर निगम, जिला कार्यालय, नया बस स्टैंड, चौपाटी के पास, बसंतपुर जिला चिकित्सालय, हाट बाजार में वाटर एटीएम लगाया गया था। जिसका देखरेख एवं संधारण कार्य समय-समय में वाटर एटीएम संचालक द्वारा किया जा रहा था। वाटर एटीएम लगाने का उद्देश्य 1 रुपए में शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना था। वर्षों से लगे होने के कारण वाटर एटीएम में खराबी आ गई थी तथा हाट बाजार के वाटर एटीएम का समान भी चोरी हो गया था। वर्तमान में गर्मी को देखते महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम द्वारा एटीएम का मरम्मत किया गया। मरम्मत उपरांत नगर निगम, जिला कार्यालय, नया बस स्टैंड, चौपाटी के पास की वाटर एटीएम चालू किया गया तथा जिला चिकित्सालय में लगे एटीएम चिकित्सालय के सहयोग से चालू कर उन्हें संचालन के लिए दिया गया। इस प्रकार पांचो वाटर एटीएम वर्तमान में चालू है। जिसका लाभ आम नागरिक उठा रहे हैं। इस संबंध में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शुद्ध एवं ठंडा पानी सुचारू रूप से मिले, इस हेतु प्रक्रिया कर महिला समूह को निगरानी एवं मेंटनेंस करने जिम्मेदारी दी जाएगी।

# गांवों में सड़क व शिक्षा सुविधाओं से बढ़ेगा विकास



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लॉक अंतर्गत ग्राम आमाघाटकादा में स्वामी विवेकानंद मेमोरियल स्कूल का उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा ने की। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत सूराडबरी में सीसी रोड निर्माण एवं प्राथमिक स्कूल में प्रार्थना शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से लोगों की दैनिक जिंदगी आसान होगी।

विशेष रूप से सीसी रोड बनने से आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने प्राथमिक स्कूल में प्रार्थना शेड निर्माण की स्वीकृति के लिए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा और विकास को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही है। केसीजी जिले में हायर सेकंडरी, हाईस्कूल एवं कई प्राथमिक स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण की स्वीकृति मिलना इसका स्पष्ट उदाहरण है। आने वाले समय में और भी स्कूलों के लिए ऐसी स्वीकृति मिलेगी।

### शेड बनने से मिलेगी सुविधा

विक्रांत सिंह ने आगे कहा कि स्कूल में प्रार्थना शेड बनने से विद्यार्थियों को प्रार्थना सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार का उल्लेख करते हुए बताया कि इस आयोजन के माध्यम से आम नागरिक अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रख सकते हैं और हर आवेदन का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाने पर विक्रांत सिंह का आभार जताया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य ज्योति जंघेल, आयश सिंह, दिवाकर सोनी, सुरेंद्र जंघेल, बलराम जंघेल, देवकुमार सेन, हरप्रसाद वर्मा, पूर्णाचंद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ई-केवाईसी सत्यापन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रदेश सहित जिले में बड़ी संख्या में हितग्राहियों का ऑनलाइन निःशुल्क ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर ने बताया कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिले में 2 लाख 40 हजार 996 हितग्राहियों का ऑनलाइन ई-केवाईसी सत्यापन का लक्ष्य है। जिसके तहत 1 लाख 61 हजार 376 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण करा लिया गया है, जो लक्ष्य का 66.9 प्रतिशत है। शेष 79 हजार 620 हितग्राहियों का सत्यापन कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को ई-केवाईसी सत्यापन कराने के लिए पर्याप्त अवसर देते हुए अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। ई-केवाईसी सत्यापन की निर्धारित अवधि के दौरान भी योजना के पात्र हितग्राहियों के खातों में राशि का अंतरण पूर्ववत जारी रहेगा। ई-केवाईसी सत्यापन कार्य के सफल संचालन के लिए जिले में बड़ी संख्या में ऑपरेटर्स (वीएलई) की नियुक्ति की गई है। जिन क्षेत्रों में अभी ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं हो पाई है, वहां भी चरणबद्ध तरीके से लगातार नियुक्तियां की जा रही है, ताकि शहरी एवं ग्रामीण सभी क्षेत्रों के हितग्राही अपनी सुविधानुसार ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य पूर्ण करा सके। हितग्राहियों से 30 जुलाई के भीतर शिविर स्थलों पर पहुंचकर अपना ई-केवाईसी सत्यापन पूर्ण कराने की अपील की गई है।

# वेसलियन स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

- स्थानीय परीक्षाओं में शत-प्रतिशत मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के प्रतिष्ठित निजी शैक्षणिक संस्थानों में शुमार वेसलियन स्कूल खैरागढ़ में स्थानीय परीक्षाओं के वार्षिक परीक्षा परिणाम गरिमामय समारोह में घोषित किए गए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा तथा सभी कक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता दर्ज की गई।

विद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एस. मसीह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पालक समिति के अनुराग शांति तुरे उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आलोक वर्मा एवं मुमताज खान शामिल हुए। समारोह में नर्सरी से कक्षा 11वीं तक के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विशेषतौर पर विद्यालय के शिक्षकवृंद पूर्णिमा सिंह, रीना मसीह, एकता तिवारी, डी.साहू, एससी वर्मा, दीपा प्रसाद, प्रेम तिवारी, मिराज मेमन, उषा उइके, शिवानी बैस, मेघा सिंह, पूजा सिंह, मंजरी शुक्ला, सरिता, पतंजलि सिन्हा सहित विद्यालय प्रबंधन के शिक्षक एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय प्रबंधन समिति ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### अभिभावकों और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया

विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर अभिभावकों और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया। मुख्य अतिथि अनुराग शांति तुरे ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को मनोवैज्ञानिक रूप से सही दिशा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन विशेषकर किशोरावस्था संघर्ष और निर्माण का समय होता है इसलिए अभिभावकों को केवल संसाधनों से नहीं बल्कि संस्कारों से बच्चों को प्रेरित करना चाहिए क्योंकि यह उन्हें सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ाता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य एस.मसीह ने सभी सफल एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

### भूषण सुरगी पचगहिया के अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव।** निषाद समाज जिला संगठन जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद के निर्देश पर परिक्षेत्र के नेतृत्व में 4 मई को निषाद समाज सुरगी पचगहिया पदाधिकारी का चुनाव भरेंगांव परिक्षेत्र अध्यक्ष चुनाव अधिकारी छगन निषाद, तिलकराम निषाद उपाध्यक्ष, अमृतलाल निषाद महासचिव, चुम्मन निषाद सचिव, अरविंद निषाद संगठन सचिव, उगेश्वर निषाद सहसचिव की उपस्थिति में सुरगी पचगहिया पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। सुरगी पचगहिया नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष भूषण निषाद बेलटीकरी, उपाध्यक्ष भगवान दास निषाद मुड़पार, कोषाध्यक्ष गोगेश्वर निषाद बेलटीकरी, सचिव अनवर निषाद कुम्हालोरी, सह-सचिव उमेश्वर निषाद बुचीभरदा, संगठन सचिव टोमन निषाद सुरगी, महिला अध्यक्ष व महिला सचिव, सलाहकार विदेशी निषाद, अशोक निषाद, सोहनलाल निषाद, शत्रुहन लाल निषाद ने बधाई दी है।

# युगांतर स्कूल के बच्चों ने जेईई मेंस में भी मारी बाजी

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के शुभांशु कश्यप, मोहक लांघे, श्रद्धा अहिरवार ने 90 परसेंटाइल के साथ जेईई मेंस एक्जाम में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते जे ई ई एडवांस के लि ए क्वालीफाई किया है।



अब इन विद्यार्थियों का प्रवेश भारत के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में हो सकेगा। फिलहाल ये विद्यार्थी मई में होने वाली एडवांस परीक्षा की तैयारी में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें यह सफलता युगांतर के शैक्षणिक वातावरण के कारण अर्जित हो सकी है। उनको यहां के अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन मिलता रहा है। यहां के डायरेक्टर्स भी बच्चों की पढ़ाई के लिए सदैव प्रोत्साहित करते रहते हैं तथा सुविधाओं में कोई कमी आने नहीं देते। अभी हम सभी छात्र-छात्राओं को समस्त प्रकाशनों के प्रश्न बैंक, सैम्पल पेपर्स निःशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं।

### मार्गदर्शन में तैयारी

उन्होंने बताया कि जेईई मेंस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में एक-एक अंक के लिए बहुत जूझना पड़ता है। उन्हें इस परीक्षा की तैयारी में युगांतर के प्राचार्य एवं शिक्षकों का अप्रतिम सहयोग मिला है। उनके मार्गदर्शन के कारण ही यह बड़ी सफलता पहले अवसर में ही प्राप्त हो सकी है। उन्होंने समाजसेवा के उद्देश्य से इंजीनियरिंग के क्षेत्र का चयन किया। निरंतर अध्ययनरत रहने से सफलता जरूर मिलती है। उन्हें लक्ष्य प्राप्ति के लिए माता-पिता और गुरूजनों ने सदा प्रेरित किया। इन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन प्राचार्य मधुसूदन नायर, विद्यालय की कोचिंग फैकल्टी के पी शुक्ला, ई. रमन सिंहा, वेदप्रकाश, नितिन ज्योतिषी ने किया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी है।

## आईटीबीपी कैम्प के जवानों से मुलाक़ात कर उत्साहवर्धन किया

# मुख्यमंत्री का बैगा समाज से आत्मीय संवाद सामूहिक भोजन से बढ़ा विश्वास का रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने बकरकट्टा के प्रवास के दौरान बैगा समाज सहित अन्य समाज प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों के साथ सामूहिक भोजन कर आत्मीयता का परिचय दिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय परंपराओं, संस्कृति और जनजीवन से सीधे जुड़ते हुए सहज संवाद किया, जिससे ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के साथ इस प्रकार का सीधा संवाद न केवल आपसी विश्वास को मजबूत करता है, बल्कि शासन को जमीनी हकीकत समझने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने बैगा समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और समाज प्रमुखों ने खुले मन से अपनी समस्याएं, अपेक्षाएं और सुझाव मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। मुख्यमंत्री ने भी गंभीरता से सभी बिंदुओं को सुना और समाधान के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर आईटीबीपी के जवानों के साथ मुख्यमंत्री ने आत्मीयता से मुलाकात की और स्मृति स्वरूप फोटो भी खिंचवाए। पूरा माहौल आत्मीयता, विश्वास और सहभागिता से परिपूर्ण रहा। इस पहल ने शासन और समाज के बीच संवाद की दूरी को कम करते हुए विश्वास और जुड़ाव को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया।

# जीत पर खैरागढ़ में भाजपा का जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत का जश्न खैरागढ़ में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के प्रमुख स्थल राजीव चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी।

इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सवी माहौल नजर आया और कार्यकर्ताओं में खासा जोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को विकास और जनविश्वास की जीत बताते हुए कहा कि भाजपा लगातार हर वर्ग के लोगों की पसंद बनती जा रही है। उन्होंने जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी नीतियों को दिया जिनके माध्यम से सभी वर्गों को साथ लेकर विकास कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, बिसेसर साहू, आयश सिंह बोनी, ललित चोपड़ा, दिनेश वर्मा, टीके चंदेल, शशांक ताम्रकार, गोरेलाल वर्मा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्रा, विकेश गुप्ता, श्यामसुंदर साहू, डोरे लाल साहू, नीलिमा गोस्वामी, प्रीति यादव, आलोक श्रीवास, विनय देवांगन, प्रेम सागर गुप्ता, यतीश सिंह, पंकज ठाकुर, हर्षवर्धन वर्मा, अजय जैन, प्रकाश सिंह, संजय शर्मा, पीताम्बर वर्मा, अनुज देवांगन, आयूब सोलंकी, वंदना टांडेकर, नीलम राजपूत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आम जनता के भरोसे का परिणाम

जिलापंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि यह जीत आम जनता के भरोसे और केंद्र सरकार के कार्यों की सफलता का परिणाम है। पार्टी ने हमेशा सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर काम किया है जिससे समाज के हर वर्ग का समर्थन भाजपा को मिल रहा है। पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में मिली सफलता की खुशी पूरे जिले में दिखाई दी।

## सार समाचार



### तालाब से जलकुंभी की सफाई

**राजनांदगांव।** मां शीतला तालाब वार्ड क्र. 35 लखोली में गत दिनों पार्षद दिलेश्वर प्रसाद साहू की मांग पर महापौर व नगर निगम आयुक्त द्वारा जलकुंभी सफाई की पहल की गई थी। इस पर जनहित मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा 15 दिनों में पूर्ण रूप से शीतला तालाब को जलकुंभी से मुक्त किया गया।

### पेंड्री में 10 दिवसीय शिविर का उद्घाटन

**राजनांदगांव।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत पेंड्री



सुकुलदैहान में 10 दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच भोजराम ठाकुर, युवा सेवा शक्ति संगठन अध्यक्ष दुर्गेश साहू, कबीर आश्रम प्रबंधक योगदास साहू, सूर्या फाउंडेशन छत्तीसगढ़ प्रमुख सनत टंडन व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। शिविर में योग व्यायाम, मिट्टी के खिलौने, कबाड़ से जुगाड़, आर्ट एवं क्राफ्टिंग, विज्ञान के लघु प्रयोग और सत्रों के माध्यम से सु-लेख, अनुशासन, व्यवहार, स्वास्थ्य टिप्स, प्रतियोगिता में पत्र लेखन, चित्रकला, भाषण, दौड़, सूर्य नमस्कार समेत अन्य गतिविधि कराया जाएगा। शारीरिक विकास के लिए खेल, पीटी, कराते का अभ्यास कराएंगे। शिविर का समापन 13 मई को होगा।

### ममता बनी ब्राम्हण समाज की जिलाध्यक्ष

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की दुर्ग इकाई ने नगर के अवस्थी परिवार की बहू एवं अधिवक्ता संजीव अवस्थी की पत्नी श्रीमती ममता अवस्थी को राजनांदगांव जिला नारी प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष घोषित किया है। समाज की दुर्ग इकाई ने संगीता मिश्रा को शहर अध्यक्ष, मोहिनी शुक्ला को उपाध्यक्ष, निधि बाजपेई को जिला सचिव, बिंदु तिवारी को सह-सचिव का पदभार सौंपा है। संगठन में मनीषा शर्मा कोषाध्यक्ष, प्रतिभा मिश्रा को संगठन सचिव बनाया गया है। उक्त सारी नियुक्तियां छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की प्रदेशाध्यक्ष भारती किरण शर्मा की स्वीकृति तथा निशा तिवारी प्रदेशाध्यक्ष नारी प्रकोष्ठ की अनुशंसा पर राजनांदगांव जिले हेतु की गई है। संगठन में वंदना आलोक तिवारी को प्रदेश महासचिव, मंजू मिश्रा, प्रभा शुक्ला, शारदा तिवारी को जिला संरक्षक नारी प्रकोष्ठ एवं माया शर्मा को जिला संयोजक बनाया गया है।

### 7 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा में नैतिक एआई एकीकरण अवसर एवं चुनौतियां विषय पर



आयोजित 7 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के 7वें दिवस पर सफल समापन हुआ। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में एचआरडीसी संयोजक डॉ. प्रीतिबाला टांक एवं आईक्यूएसी संयोजक प्रो. युनूज राजा बेग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक महाविद्यालय का स्वशासी प्रकोष्ठ था। समापन दिवस पर प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि भारत तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अग्रसर है और विश्व के प्रमुख एआई उत्पादक देशों में शामिल होने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। उन्होंने 2047 तक "विकसित भारत" के संकल्प को साकार करने में एआई की भूमिका पर प्रकाश डालते कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक के साथ सामंजस्य स्थापित कर नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के प्रथम तकनीकी सत्र में में प्रो. गुलामे मुस्तफा अंसारी ने एआई के नैतिक पहलू और चुनौतियां विषय पर व्याख्यान दिया। द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ. डीकेश्वर निषाद ने एआई-सक्षम कृषि विषय पर व्याख्यान दिया। इसके पश्चात आईक्यूएसी संयोजक प्रो. युनूज राजा बेग द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. हिरेंद्र बहादुर ठाकुर द्वारा सभी वक्ताओं, आयोजकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. वंदना मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष सहयोग महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा एवं मुख्य लिपिक मंजुषा ने दिया।

### तेजस कार्यशाला का आयोजन 6 को

**राजनांदगांव।** स्टार्टअप इंडिया डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) अंतर्गत कल 6 मई को सुबह 11 बजे होटल राज इम्पिरियल राजनांदगांव में तेजस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

### भ्रष्ट अधिकारियों का हो खुलासा : ओस्तवाल

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद व शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री हेमंत ओस्तवाल



ने राजनांदगांव के टेडेसरा, देवादा और फूंडा के भारतमाला परियोजना के भ्रष्ट अधिकारियों का खुलासा करने की मांग कलेक्टर से की। श्री ओस्तवाल ने कलेक्टर एवं दुर्ग संभाग आयुक्त से मांग करते कहा कि राजनांदगांव जिले के टेडेसरा, देवादा और फूंडा गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग भारतमाला परियोजना अंतर्गत प्रस्तावित सड़क के भू-अर्जन के मामले में शासन के नियम विरूद्ध जमीन भू-अर्जन का जो फर्जीवाड़ा जो हुआ है, उसकी जांच रिपोर्ट का खुलासा किया जाए।

## निधन



### सोनीबाई साहू

**राजनांदगांव।** दुकाला चौक नंदई निवासी श्रीमती सोनीबाई साहू 72 वर्ष पत्नी स्वर्गीय भागीरथ साहू का निधन 4 मई को हुआ। श्रीमती सोनीबाई साहू अपने पीछे भरपूरा परिवार छोड़कर चली गईं। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से मुक्तिधाम लखोली के लिए निकली गई। अंतिम यात्रा में सामाजिक, पारिवारिक एवं मित्रगण उपस्थित थे।

---

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विस अध्यक्ष की उपस्थिति में किया पदभार ग्रहण

# विकास में महंत राजा दिग्विजय दास रानी सूर्यमुखी देवी का योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थित में आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने हस्ताक्षर कर पदभार ग्रहण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वतंत्रता के पहले 565 से अधिक रियासतें थी। उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश के एकीकरण का कार्य किया। राजनांदगांव के तत्कालीन महंत राजा दिग्विजय दास ने विलय पत्र पर सबसे पहले हस्ताक्षर किए। उन्होंने रेलवे लाइन एवं औद्योगिक विकास के लिए जमीन दान में दी। जिससे राजनांदगांव में विकास की गति बढ़ी। यह उनकी व्यापक सोच का परिणाम है कि उन्होंने अपनी संपत्ति एवं महल शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया, जहां आज शासकीय दिग्विजय कॉलेज है। महंत राजा दिग्विजय दास एवं रानी सूर्यमुखी देवी को स्मरण किया। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष से कहा कि आगे भी वे जिले में अच्छे कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाएं तथा विकास में अपना योगदान दें।




### नेताओं की रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक उपाध्यक्ष भरत वर्मा, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, पुरूषोत्तम गांधी, रमेश पटेल, भावेश बैद, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित विभिन्न समाज के पदाधिकारी तथा वरिष्ठजन, अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव के नवनियुक्त उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने किया। कार्यक्रम का संचालन अमर लालवानी द्वारा किया गया।

### कर्त्तव्य निष्ठा से करेंगे कार्य

नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्णिमा साहू ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रभावना के साथ कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने का प्रतिसाद मिला है। प्रेरणा, व्यक्तित्व निर्माण के साथ ही राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की विरासत को संभालने का अवसर मिला है। शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनका योगदान रहा। पूर्णिमा साहू ने अपने जीवन के संघर्षों का स्मरण किया तथा उपलब्धि मिलने पर अपने माता-पिता को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### चिखली स्कूल में आज समाधान शिविर

**राजनांदगांव।** आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ देने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार मनाने का निर्णय लिया गया।

वार्ड स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविर के तहत नगर निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत 4 मई से 10 जून तक सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक 51 वार्डों के लिए शिविर आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, प्रधानमंत्री आवास के अलावा, जन्म-मृत्यु, विवाह, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आयुष्मान कार्ड के अलावा बिजली, पानी, सफाई तथा लोक निर्माण, नजूल, राजस्व प्रकरण जैसे अनेक विभाग से संबंधित आवेदन लेने के साथ-साथ शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। गत दिवस पहले दिन मोतीपुर स्कूल में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित मांग के कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए तथा शिकायत संबंधी 17 आवेदन आए। इस प्रकार कुल 108 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। कल 6 मई को चिखली स्कूल में वार्ड नं. 4, 5 व 6 के लिए सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें उपरोक्त वार्ड के वार्डवासी अपने शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य जिले में प्रारंभ

**राजनांदगांव।** जिले में 1 मई से जनगणना 2027 के प्रथम चरण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में राजनांदगांव तहसील के ग्राम धनगांव में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना ऐप के माध्यम से मकान गणना (हाउस लिस्टिंग) का कार्य किया गया। जनगणना टीम द्वारा प्रत्येक घर में पहुंचकर निर्धारित प्रपत्रों के



अनुसार आवश्यक जानकारी एकत्र की गई। साथ ही ग्रामीणों को जनगणना की प्रक्रिया, उसके उद्देश्य एवं महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना टीम का सहयोग करें तथा सही जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## घरों में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** सूने मकानों का रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम देने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस के अनुसार प्रार्थी धीरेन्द्र देवांगन निवासी बजरंगपुर नवागांव ने 21 अप्रैल को चौकी चिखली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने परिवार को शादी कार्यक्रम में भेजकर अपने काम से अपने दुकान गया था। पड़ोसी भी अपने मकान को बंद कर शादी कार्यक्रम में चारामा गए थे। रात्रि में जब काम कर वापस आए तो उनके मकान का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। कोई अज्ञात चोर उनके घर में अंदर घुसकर आलमारी तोड़कर सोना-चांदी और नगदी रकम सहित कुल जुमला 197000 रुपए की चोरी करना और अपने पड़ोसी के मकान से चांदी सहित नगदी रकम कुल जुमला 10850 रुपए को चोरी करना बताते अज्ञात चोर के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया था।

### नगदी रकम व दो बाइक बरामद

पुलिस के अनुसार इस मामले में पतासाजी के दौरान आज मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक संदेही व्यक्ति सुंदरा के पास मोटर साइकिल में संदेही हालत में घूम रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस स्टाफ सुंदरा पहुंचकर संदेही व्यक्ति को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम गोपाल देवांगन उर्फ चोरू होना बताया। अभिरक्षा में चौकी लाकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा बजरंगपुर नवागांव में प्रार्थी धीरेन्द्र देवागन एवं धरमलाल देवांगन के मकान में दोपहर में दोनों घरों में चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपी गोपाल देवांगन से चोरी किए हुए सोना-चांदी एवं नगदी रकम तथा चोरी किए 2 मोटर साइकिल को आरोपी के निशानदेही पर बरामद किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## राज्य स्तरीय कराते में खिलाड़ियों ने जीते 21 पदक

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कराते डू एसोशिएशन द्वारा 27 से 29 अप्रैल तक सेक्टर 9 भिलाई जिला दुर्ग स्थित महिला महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते टूर्नामेंट में राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल के खिलाड़ियों ने भाग लेकर दमदार प्रदर्शन किया। सिहान मुरली सिंह भारद्वाज सचिव जिला कराते संघ राजनांदगांव के नेतृत्व में भाग लेकर राजनांदगांव की कराते टीम ने शानदार प्रदर्शन करते 01 स्वर्ण, 12 रजत एवं 08 कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की है।



सब जूनियर बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता मान्या साहू, सब जूनियर बालिका वर्ग में रजत पदक विजेता अहाना प्रसाद को 2 पदक (काता एवं कुमिते में), पारूल साहू को 2 रजत (काता एवं कुमिते में), ख्याति साहू रजत पदक, आयुषी वर्मा रजत पदक एवं बनीत कौर को कांस्य पदक, सब जूनियर बालक वर्ग में शिवांश सोनी को रजत पदक, मानविक सेठिया को 2 रजत पदक (काता एवं कुमिते में), कबीर सोनकर रजत पदक, हनौक सिन्हा को कांस्य पदक, कृष्णा शर्मा को रजत पदक एवं श्रेष्ठ मिश्रा को कांस्य पदक, कैडेट एवं जूनियर वर्ग में पूर्वील साहू को कांस्य पदक (काता एवं कुमिते में), गुंजन वैष्णव को कांस्य पदक, भास्कर साहू को कांस्य पदक एवं दीपांशु सिन्हा को कांस्य पदक प्रात हुआ है। उक्त जानकारी राजनांदगांव जिला कराते संघ के सचिव सिहान मुरली सिंह भारद्वाज ने दी।

स्वर्ण पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ी आगामी 3 से 7 जून तक देहरादून में आयोजित कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित नेशनल कराते चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ कराते टीम में शामिल होंगे।

## जनता ने विकास पर जताया भरोसा : रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने देश के हालिया



राजनीतिक परिदृश्य और चुनावी परिणामों पर विस्तार से प्रतिक्रिया देते कहा कि यह समय भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नए अध्याय के रूप में दर्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते अपना जनादेश दिया है।

डॉ. सिंह ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और मतदाता पहले से अधिक जागरूक हुए हैं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि जनता अब भय, अस्थिरता और अव्यवस्था की राजनीति से ऊपर उठकर स्थिर और विकासोन्मुख सरकारों को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सुरक्षा बलों, चुनाव अधिकारियों और आम मतदाताओं की सराहना करते कहा कि उनके सहयोग और समर्पण से ही लोकतंत्र का यह महापर्व सफलतापूर्वक संपन्न हो पाता है। डॉ. सिंह ने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

विधानसभा अध्यक्ष ने अपने बयान में यह भी उल्लेख किया कि विभिन्न राज्यों के चुनावी नतीजे यह दर्शाते हैं कि देश की जनता अब पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास के मुद्दों पर ही अपना निर्णय दे रही है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश भविष्य में सरकारों के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है कि उन्हें जनहित और विकास के एजेंडे पर ही काम करना होगा। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते कहा कि यह परिणाम उस सोच को भी प्रतिबिंबित करते हैं। जिसमें वर्षों पहले देश के नेताओं ने एक सशक्त और विकसित भारत की कल्पना की थी। आज वही दृष्टि साकार होती दिखाई दे रही है।

डॉ. सिंह ने अंत में देशवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते विश्वास जताया कि आने वाले समय में देश और अधिक प्रगति करेगा तथा लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होगी।



## जिला क्रिकेट एसोसिएशन की बड़ी जीत

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (सीनियर वर्ग एलीट ग्रुप) में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने शानदार प्रदर्शन करते बिलासपुर क्रिकेट एसोसिएशन को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला राजनांदगांव के कप्तान दीपक यादव के लिए शुरूआत में गलत साबित होता नजर आया। बिलासपुर की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते महज 9 ओवर में 92 रन ठोंक दिए। इस दौरान तेज गेंदबाज कुणाल साहू के एक ओवर में 29 रन बनने से टीम दबाव में आ गई। ऐसे समय में कप्तान दीपक यादव ने अनुभवी ऑफ स्पिनर आरिन द्विवेदी को गेंद सौंपी। आरिन ने कप्तान के भरोसे को कायम रखते तीन विकेट झटके और मैच का रूख बदल दिया। लगातार विकेट गिरने से बिलासपुर की टीम 154 रन पर सिमट गई। राजनांदगांव की ओर से रोहन टांक और दीपक यादव ने दो-दो विकेट हासिल किए।

### बल्लेबाजों ने दिखाया दम

155 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगांव टीम की शुरूआत बेहद शानदार रही। बालाजी राव और हर्ष साहू ने तेज शुरूआत करते 50 रन जोड़े। हर्ष साहू 20 गेंद में 30 रन बनाकर आउट हुए। विकल्प तिवारी ने बालाजी राव के साथ 70 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

## झुमुर नृत्य और लावणी ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निःशुल्क नृत्य प्रशिक्षण शिविर में महाराष्ट्र का 'लावणी' व 'जोगवा नृत्य' के साथ पश्चिम बंगाल का 'झुमुर नृत्य' गुजरात का गरबा नृत्य' और गायन के माध्यम से गणेश वंदना ने दर्शनार्थियों का मन मोहा।

संस्कारधानी राजनांदगांव की शिक्षा, संस्कृति और संस्कार के लिए समर्पित चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र अपनी स्थापना की 44वीं पडाव पर पर्यटन विभाग के अध्यक्ष नीलू शर्मा द्वारा दीपदान अर्पण नृत्य समागम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पं. राज महराज, शैलेन्द्र बुद्धदेव, कवि पद्मलोचन शर्मा, डॉ. खिलेश्वरी साव, पालकगण एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ।



### घट स्थापना के चारों ओर नृत्य

निःशुल्क नृत्य शिविर में प्रमुख दिग्दर्शक कोरियोग्राफर मुंबई के विनोद कोरी द्वारा महाराष्ट्र का विश्व प्रसिद्ध लावणी नृत्य और देवी मां को समर्पित 'जोगवा नृत्य' जिसे मुख्य रूप से महिलाएं करती है। इसी के साथ गुजरात का 'गरबा नृत्य', नवरात्रि में महिलाएं घट स्थापना कर उसके चारों तरफ नौ दिनों तक नृत्य करती है। जिसकी की शानदार हुई। वहीं पश्चिम बंगाल के कोरियोग्राफर, बहुमुखी प्रतिभाशाली शुभोजित डे द्वारा पश्चिम बंगाल का पारपंरिक लोक नृत्य 'झुमुर नृत्य' के दो प्रकारों की प्रस्तुति हुई। इंडियन आयडल फेम कोरबा छग निवासी भव्य देवांगन द्वारा गायन के माध्यम से गणेश वंदना की प्रस्तुति कर दर्शकों की वाहवाही लूटी गई। उपरोक्त जानकारी संस्था के तुषार सिन्हा ने दी।

### 35 साल से आयोजन

चक्रधर कल्याण केंद्र के संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा के संयोजन में विगत पैंतीस वर्षों से 'अपर्ण नृत्य समागम' सनातन मंदिर पंरपरा के अंतर्गत कवि, लेखक, शिल्पकार, संगीतकार, नृत्यकार अपने गुरूओं से प्राप्त भारतीय ज्ञान पंरपरा के अंतर्गत अपने अराध्य देवी-देवता के समक्ष अपनी कला के माध्यम से हाजरी (प्रस्तुति) करने का विधान मिलता है, इन्हीं सनातन परंपरा को संपूर्ण छत्तीसगढ़ में केवल एकमात्र संस्कारधानी राजनांदगांव की कुलदेवी श्री शीतला माता मंदिर में विगत वर्षों से चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र के डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा द्वारा युवा एवं बच्चों में संस्कार का बीजा रोपण करने का प्रयास किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### करिश्मा साहू 90.4 % अंकों के साथ अव्वल



**कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंडरिया की छात्रा करिश्मा साहू ने 12वीं विज्ञान संकाय बोर्ड परीक्षा में 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। करिश्मा साहू ने पढ़ाई के साथ-साथ स्काउट-गाइड, खेलकूद, प्रेरणा कार्यक्रम तथा विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। छात्रा की इस उल्लेखनीय सफलता पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम के गुप्ता, प्राचार्य विकास शुक्ला, व्याख्याता गीता राम साहू, चन्द्रविजय जैन, थानुराम साहू, अनूप गुप्ता, स्मृति श्रीवास्तव, संग्राम चंद्रवंशी, ओम पटेल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### बीएड व डीएलएड कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा होगी

**कवर्धा।** पं सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि द्वारा 2026-27 के लिए द्विवर्षीय बीएड व डीएलएड प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा होगी।

## समस्या : प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़क जर्जर

# कोलेगांव-अमलीमालगी मार्ग गड्ढों में तब्दील, आना-जाना दुभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत कोलेगांव से अमलीमालगी तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। लगभग दो किलोमीटर लंबा यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है और जगह-जगह बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

यह सड़क क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है। वर्तमान स्थिति में सड़क की सतह उखड़ चुकी है और बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका और अधिक बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण इसकी हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी मार्ग से कोलेगांव स्थित हाई स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं प्रतिदिन आवाजाही करते हैं, जिन्हें गड्ढों और उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है।

इसके अलावा आपातकालीन सेवाएं जैसे 108 और 112 एंबुलेंस भी इसी मार्ग से होकर गुजरती हैं, जिससे मरीजों के परिवहन में भी दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से सड़क की स्थिति का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत या नवीनीकरण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय-सीमा के भीतर सुधार कार्य संभव है तो शीघ्र मरम्मत कराई जाए, अन्यथा नई स्वीकृति देकर सड़क का पुनर्निर्माण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### स्कूली छात्राओं और मरीजों पर सीधा असर, रोजाना बढ़ रहा खतरा



कोलेगांव-अमलीमालगी मार्ग की जर्जर स्थिति का सबसे अधिक प्रभाव स्कूली छात्र-छात्राओं और मरीजों पर पड़ रहा है। हाई स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को रोजाना गड्ढों से भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं 108 और 112 जैसी आपातकालीन सेवाओं की गाड़ियां भी इसी मार्ग पर निर्भर हैं, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में बाधा उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार वाहन चालक सड़क की खराब स्थिति के कारण गति धीमी करने को मजबूर होते हैं, जिससे आपात स्थिति में कीमती समय नष्ट होता है।

### वर्षों से उपेक्षित मार्ग, मरम्मत नहीं होने से बिगड़ी हालत

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित इस सड़क का लंबे समय से न तो समुचित रखरखाव हुआ है और न ही समय-समय पर मरम्मत कार्य कराया गया है। परिणामस्वरूप सड़क की परत उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब गड्ढों में पानी भर जाता है और सड़क का वास्तविक स्वरूप दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाए और शीघ्र ही पुनर्निर्माण या व्यापक मरम्मत कार्य शुरू किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।



# कपड़ा दुकान में भीषण आग, लाखों की नुकसान

- फायर ब्रिगेड की तत्परता से टला बड़ा हादसा, देर रात मची अफरा-तफरी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर के व्यस्त लोहारा नाका क्षेत्र स्थित विंध्यवासिनी मंदिर के सामने संचालित क्लाथ विला कपड़ा दुकान में विगत दिनों रविवार देर रात भीषण आग लग गई। घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है, जब अचानक दुकान से धुआं और आग की तेज लपटें उठने लगीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही दुकान संचालक कनक साहू मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस व फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से आसपास की दुकानों और मकानों को बड़ी क्षति से बचा लिया गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग में दुकान में रखे कपड़े, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गए।

घटना में लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। वास्तविक नुकसान का आंकलन जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। दुकान संचालक ने थाना कवर्धा में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आवेदन देकर मामले की जांच और कार्यवाही की मांग की है। वहीं पुलिस ने भी आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट सहित अन्य संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी अनुसार, यदि समय पर फायर ब्रिगेड नहीं पहुंचती तो आग आसपास के प्रतिष्ठानों तक फैल सकती थी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# तेज आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से बरबसपुर क्षेत्र में तबाही, फसल चौपट

## मकानों के छप्पर उड़े, जनजीवन पूरी तरह प्रभावित, ग्रामीणों को नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

मंगलवार शाम अचानक बदले मौसम ने बरबसपुर क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। शाम करीब 5 बजे के बाद तेज आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि के चलते ग्रामीण अंचलों में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। तेज हवाओं के कारण कई कच्चे मकानों के छप्पर उड़ गए, वहीं सड़कों और गलियों में पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। आंधी के दौरान कई स्थानों पर बिजली के खंभे भी धराशायी हो गए, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई और लोग देर रात तक परेशान रहे। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से ग्रामीणों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है।

क्षेत्र के बरबसपुर, सारंगपुर खुर्द, हरिनछपरा, राम्हेपुर, चंदनपुर, दौजरी, नाऊडीह, जेवडनखुर्द, डबराभाट और सिघनपुरी सहित कई गांवों में किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खेतों में तैयार खड़ी केले, पपीता और सब्जियों की फसल तेज आंधी और ओलावृष्टि से गिरकर बर्बाद हो गई। इससे किसानों को आर्थिक रूप से भारी क्षति पहुंची है। ग्रामीणों ने बताया कि कई गरीब परिवारों के कच्चे मकानों के छप्पर उड़ जाने से वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। प्रभावित लोगों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र सर्वे कर मुआवजा देने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### फसल बर्बादी से किसानों पर संकट, मुआवजे की उठी मांग

अचानक आई आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने क्षेत्र के किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। केले, पपीता और सब्जियों की तैयार फसल जमीन पर गिरकर पूरी तरह नष्ट हो गई। कई किसानों ने कर्ज लेकर खेती की थी, जिससे अब उनकी आर्थिक स्थिति और कमजोर हो गई है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर मुआवजा नहीं मिला तो उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उनकी आजीविका को सहारा मिल सके।

### बिजली ठप, मकान क्षतिग्रस्त, जनजीवन अस्त-व्यस्त

तेज आंधी के कारण कई जगह बिजली के खंभे गिर गए, जिससे पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही। अंधेरे और गर्मी के बीच ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कच्चे मकानों के छप्पर उड़ने से कई परिवार बेघर जैसे हालात में पहुंच गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली व्यवस्था जल्द बहाल की जाए और जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें आवास योजना के तहत सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे सुरक्षित जीवन यापन कर सकें।

# 10 मई को डोंगरिया में अभा कुर्मी क्षत्रिय महासभा का महासम्मेलन

- कार्यक्रम की तैयारी में जुटे सामाजिक बंधु गण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई/कुण्डा



अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का महाकुंभ 10 मई को क्षेत्र के सुप्रसिद्ध ज्वालेश्वर महादेव के पावन धरा ग्राम डोंगरिया में आयोजित की जाएगी।

ग्राम डोंगरिया में मंत्री, सांसद व विधायक सहित जनप्रतिनिधियों का एवं समाजिक पदाधिकारियों का लगेगा जमवाड़ा। जिसमें प्रदेश के दिग्गज नेताओं एवं समाजसेवियो का लगेगा जमवाड़ा कुर्मी क्षत्रिय जाति के लोगों की उपेक्षा को ध्यान में रखते हुए सन 1994 में फर्रुखाबाद निवासी तत्कालिक समाज सेवी सुप्रसिद्ध वकील गेंदालाल सिंह की अध्यक्षता में समाज के लोगों को संगठित करने हेतु उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का प्रथम अधिवेशन आयोजित किया गया।

इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए सरकारी उपेक्षा के शिकार समाज के लोगों को संगठित करने के लिए द्वितीय अधिवेशन सन 1895 में बाबू नंदलाल की अध्यक्ष में लखनऊ में सम्पन्न हुआ इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए समाज के उपेक्षित लोगों को संगठित करने आगामी 10 मई रविवार को जिला कबीरधाम के सुप्रसिद्ध मंदिर ज्वालेश्वर महादेव के पावन धरा परिसर डोंगरिया में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा प्रदेश स्तरीय विशाल सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इस महाधिवेशन को सफल बनाने महासभा के प्रदेश ब्लॉक जिला एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गणमान्य नागरिक तथा आसपास क्षेत्र के सदस्यगण व सामाजिक बंधु गण कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए है।

### सीएम सहित कई मंत्री होंगे शामिल

महासम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अध्यक्षता के रूप में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष सर्वेश कटियार होंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा, विधायक तखतपुर ठाकुर धर्मजीत सिंह सहित प्रदेश भर के कैबिनेट मंत्री, सांसद व विधायक शिरकत करेंगे।

# बंगाल में बीजेपी की जीत कुण्डा में जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा



पश्चिम बंगाल असम और पांडुचेरी में बीजेपी ने प्रचंड जीत दर्ज की है तीनों राज्यों में जीत का जश्न पूरे भारत के साथ साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं जिले भर में भाजपा कार्यकर्ता के मना रहे है इसी कड़ी में भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने मण्डल मुख्यालय कुण्डा में मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के अगवाई में बस स्टैंड में जमा होकर एवं आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर कर जीत की जश्न मनाया।

## नए रंग में निखरा राम्हेपुर शा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्रापं राम्हेपुर कलाा के शासकीय हाई स्कूल में रंग रोगन व साफ सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। भवन की दिवारों के परते उखड़ चुकी थी और साफ सफाई की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ग्रापं के सरपंच, सचिव के पहल से रंग रोगन किया गया।

## पीएम के नेतृत्व में गंगोत्री से गंगासागर तक देश भगवामयः भावना

# भाजपा की जीत विकास व जनविश्वास की मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने इसे जनता के अटूट विश्वास, मजबूत नेतृत्व और विकास आधारित राजनीति की निर्णायक जीत बताया।

भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास और सुशासन का मॉडल स्थापित किया है, जिसका प्रभाव अब राज्यों के चुनावों में भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने भय, हिंसा और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकारते हुए विकास और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की यह जीत गंगोत्री से गंगासागर तक सकारात्मक संदेश दे रही है कि देश की जनता अब पारदर्शिता, सुशासन और राष्ट्रहित के साथ खड़ी है। असम और पुडुचेरी में मिली सफलता को भी उन्होंने इसी विश्वास का परिणाम बताया।

भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि रणनीतिक चुनाव प्रबंधन, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनसंवाद भाजपा की सफलता का आधार बना। उन्होंने सभी विजयी प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को बधाई एवं आभार प्रकट किया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें पश्चिम बंगाल चुनाव में पार्टी की विचारधारा को जनता तक पहुंचाने का अवसर मिला, जहां उन्होंने कलकत्ता शहरी क्षेत्र एवं राजारहाट गोपालपुर विधानसभा में प्रवासी प्रभारी के रूप में कार्य किया। वहां भाजपा प्रत्याशी को मिली जीत को उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम बताया। भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा की यह सफलता केवल राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और बदलाव की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पार्टी आने वाले समय में भी विकास, सुशासन और सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य करती रहगी

### जीत के पीछे रणनीति, मजबूत संगठन व जनसंवाद

भावना बोहरा के अनुसार भाजपा की ऐतिहासिक जीत का प्रमुख कारण मजबूत संगठनात्मक ढांचा और प्रभावी रणनीति रही। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता, जनता से सीधा संवाद और केंद्र सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार इस सफलता की आधारशिला बना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनसभाओं में आत्मनिर्भर भारत, महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण योजनाओं पर दिया गया जोर मतदाताओं के विश्वास को मजबूत करने में निर्णायक साबित हुआ।

# अतरिया खुर्द में करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत अतरिया खुर्द में लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता विधायक भावना बोहरा ने की।

इस दौरान सीसी रोड, सामुदायिक भवन, पशु शेड, नाली निर्माण, किचन शेड, मुक्ति धाम एवं चेक डैम सहित कई कार्यों का शुभारंभ हुआ। जनप्रतिनिधियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यों की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में सांसद और विधायक का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंडित शिवकुमार तिवारी की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इन कार्यों से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं मजबूत होंगी और ग्रामीणों को आवागमन सहित अन्य सुविधाओं में राहत मिलेगी। कार्यक्रम में सरपंच नरेश साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

## सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा गर्मी में बढ़ा हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में भीषण गर्मी के बीच सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण सहित शहर के मुख्या मार्गो व चौक चौराहों तक बड़ी संख्या में गाय-भैंस सड़क पर बैठे नजर आते हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच अचानक मवेशियों के आ जाने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। खासकर रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब अंधेरे में मवेशी दिखाई नहीं देते और वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं। प्रशासन मवेशियों को सड़कों से हटाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की अपील की गई।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### निर्माण कार्यों के लिए 19.50 लाख स्वीकृत



**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कवर्धा विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 19 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी कवर्धा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कवर्धा शहर के वार्ड क्रमांक 16 मां दंतेश्वरी वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए और वार्ड 13/14 में महर्षि कश्यप चौक निर्माण के लिए 9 लाख 75 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

### सांसद की अनुशंसा पर निर्माण कार्य स्वीकृत



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कवर्धा और सहसपुर लोहारा विकासखंड के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 9 लाख 98 हजार 700 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद कवर्धा, सहसपुर लोहारा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा से ग्राम पंचायत लखनपुर कला में भवन निर्माण कार्य सरस्वती शिशु मंदिर के पास के लिए 4 लाख 99 हजार 900 रूपए, श्री रामजानकी मंदिर के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 1 लाख 99 हजार 200 रूपए और ग्राम पंचायत गौरमाटी में मंदिर के सामने कांक्रीटीकरण कार्य के लिए 3 लाख 99 हजार 700 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

### बारहपानी गांव तक पहुंची पक्की सड़क

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल और पहाड़ी क्षेत्रों में बसे गांव, जो कभी विकास की मुख्यधारा से कटे हुए थे, आज तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। कठिन परिस्थितियों के कारण यहां के ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब प्रधानमंत्री जनमन योजना से इन गांवों की तस्वीर बदल रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के सतत प्रयासों से पहाड़ों की घाट कटिंग कर सुदूर वनांचल क्षेत्रों तक पक्की सड़कों का निर्माण किया गया है। कवर्धा विधानसभा अंतर्गत संभूपीपर से बरहापानी तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण किया गया है, जिसकी कुल लागत 3.89 करोड़ रुपए है।
बारहपानी गांव, जिसकी कुल जनसंख्या 231 है, इस सड़क निर्माण के बाद अब विकास की गति प्राप्त कर रहा है।

## अनदेखी: 42 डिग्री तापमान में छांव तक नसीब नहीं, किसानों का फूटा गुस्सा

# उद्घाटन के इंतजार में किसान सदन अन्नदाता को नहीं मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला।

तहसील मुख्यालय बोड़ला में किसानों की सुविधा और सम्मान के उद्देश्य से निर्मित बलराम सदन आज अपनी ही दुर्दशा का प्रतीक बन गया है।

लाखों रुपए खर्च कर तैयार किया गया यह भवन प्रशासनिक उदासीनता और वीआईपी मानसिकता की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। हालत यह है कि किसानों के उपयोग के लिए बना यह सदन अब तक सिर्फ इसलिए बंद पड़ा है क्योंकि किसी बड़े जनप्रतिनिधि को इसका उद्घाटन करने का समय नहीं मिल पा रहा है। इस गंभीर समस्या और भीषण गर्मी के बीच बीते सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचे किसानों का धैर्य उस समय जवाब दे गया, जब 42 डिग्री से अधिक तापमान में उन्हें बैठने तक की उचित व्यवस्था नहीं मिली।

दूर-दराज के वनांचल इलाकों से करीब 30 किलोमीटर का सफर तय कर आए किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इतनी गर्मी में काम के लिए आना मजबूरी है, लेकिन यहां छांव तक उपलब्ध नहीं है। सामने बना शानदार भवन ताले में बंद है, जबकि जरूरतमंद लोग खुले आसमान के नीचे परेशान हो रहे हैं। किसानों ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार और उनके मंत्रियों ने किसानो के नाम पर दे रही है कि जमीनी समस्याओं की ओर ध्यान देने की प्राथमिकता कहीं पीछे छूट गई है।

### वीआईपी उद्घाटन के कारण उपयोग से वंचित भवन पर उठे सवाल




चौंकाने वाली बात यह भी है कि जिस भवन का अभी औपचारिक उद्घाटन नहीं हुआ, उसमें पहले ही दरारें दिखाई देने लगी हैं। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### वीआईपी इंतजार बनाम जनता की जरूरत

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब यह भवन सार्वजनिक धन से बना है, तो इसका लाभ तुरंत आम लोगों को मिलना चाहिए। किसी खास व्यक्ति के उद्घाटन का इंतजार करना, किसानों के साथ अन्याय के समान है। अन्य स्थानों पर ऐसे भवनों का संचालन शुरू हो चुका है, लेकिन बोड़ला में अब तक ताला लगा होना कई सवाल खड़े करता है।

#### जिम्मेदारी कौन लेगा?

तेज गर्मी के बीच यदि किसी किसान की तबीयत बिगड़ती है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी? अधिकारी आरामदायक दफ्तरों में बैठकर हालात से बेखबर बने हुए हैं, जबकि किसान खुले में परेशान हो रहे हैं। यह मामला सिर्फ एक भवन के बंद रहने का नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान और उनकी जरूरतों की अनदेखी का है जिसमें किसानों की जरूरत से ज्यादा औपचारिकताएं और वीआईपी संस्कृति को अहमित दी जा रही है।

# अतरिया खुर्द में सांसद ने रखी विकास कार्यों की नींव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अतरिया खुर्द ग्राम पंचायत में स्थित भक्ति कर्मा माता मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री समग्र मद से शेड निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडरिया की विधायक भावना बोहरा ने की। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सियाराम साहू भी मंच पर मौजूद रहे। इसके अलावा कई अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट अतिथियों तथा क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

#### अन्य निर्माण कार्य हेतु 12 लाख की घोषणा

इस अवसर पर मंदिर परिसर के विकास के लिए लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संतोष पाण्डेय ने अतिरिक्त निर्माण कार्यों के लिए 12 लाख रुपये की घोषणा भी की, जिससे क्षेत्र के विकास को और गति मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत अतरिया के सरपंच नरेश साहू ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समां बांध दिया। बिलासपुर से आए कलाकार शिवकुमार तिवारी ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम पूरे उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

# लो वोल्टेज तथा बिजली कटौती से उपभोक्ता त्रस्त

## हर रोज घंटों के लिए गायब हो रही बिजली




■ रखरखाव के नाम पर निभाई जा रही सिर्फ औपचारिकताएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एक तो इन दिनो पड़ रही भीषण और जीवलेवा गर्मी और उस पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल तथा चरमराई विद्युत व्यवस्था ने पूरे जिले के उपभोक्ताओं को हलाकान तथा परेशान कर दिया है।

क्या जिला मुख्यालय कवर्धा और क्या ग्रामीण तथा वनांचल हर जगह के उपभोक्ताओं का सिर्फ एक ही रोना है कि उन्हे सुचारू रूप से बिजली अपूर्ति नहीं हो रही है तथा लाख शिकवा शिकायत के बाद भी विभाग उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा है।

ऐसी ही शिकवा शिकायत अब जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम चिल्फी से निकलकर सामने आ रही है। इस वनांचल ग्राम बासिंदों का कहना है कि इस साल प्रदेश के हिल स्टेशन कहे जाने वाली चिल्फीघाटी ने भी गर्मी के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं और इन दिनो यहां भी भीषण गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है।

इस मौसमी आफत के बीच उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति कराने में पूरी तरह से अक्षम साबित हो रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एक तो दिन में कई-कई घंटे बिजली गुल रखी जा रही है और बिजली आपूर्ति बहाल भी होती है तो वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखा कूलर चल ही नहीं पाते। जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होने बताया कि इस संबंध में जब विद्युत विभाग के जेई से शिकावा शिकायत की जाती है तो वे इसे समस्या मानने को ही तैयार नहीं है। ऐसे में उपभोक्ता समझ नहीं पा रहे हैं कि जब विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी ही अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए समस्या को ही समस्या नहीं मान रहे हैं तो समस्या का समाधान कौन करेगा। ग्रामीण उपभोक्ताओं ने अब प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी की विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

#### कवर्धा में घंटो गायब हो रही बिजली

जिला मुख्यालय कवर्धा की बात ही जाए तो यहां मंगलवार को सुबह से ही बिजली की आंख मिचोली जारी थी। दोपहर बाद मौसम खराब होने पर पुनः पॉवर कट कर दिया गया और घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही। उपभोक्ताओं की माने तो कवर्धा शहर में यह सिर्फ एक दिन की बात नहीं है बल्कि रोज का ढर्रा हो चुका है। जबकि विभाग द्वारा रखरखाव के नाम से प्रतिदिन शहर के अलग-अलग ईलाकों की बिजली गुल की जा रही है। उसके बाद भी स्थिति ये है कि जरा सी हवा पानी की स्थिति निर्मित हुई नहीं की बिजली घंटो के लिए गायब हो रही है।

#### लोगों के कामकाज हो रहे ठप

कवर्धा सहित पूरे जिले में चरमराई विद्युत व्यवस्था ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार हो रहे अघोषित पॉवर कट से लोगों के दैनिक कार्यों में बाधा आ रही है, वहीं व्यापारियों और छोटे उद्योगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां घंटों बिजली आपूर्ति ठप रहती है।

# 10-12 वीं में पुनर्मूल्यांकन 14 मई तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित दसवीं व बारहवीं वार्षिक परीक्षा के प्राप्तांकों से असंतुष्ट विद्यार्थियों के लिए पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना या उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति प्राप्त करने हेतु परीक्षाफल घोषित दिनाँक से पंद्रह दिवस के अंदर अर्थात 14 मई तक अंतिम तिथि निर्धारित है।

इन तीनों प्रक्रिया या किन्ही दो प्रक्रिया या किन्हीं एक प्रक्रिया के लिए आवेदन किया जा सकता है। पुनर्गणना के लिए प्रति विषय एक सौ रुपए, पुनर्मूल्यांकन हेतु प्रति विषय पांच सौ रुपए एवं उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति प्रदाय करने के लिए प्रति विषय पांच सौ रुपए शुल्क निर्धारित है। विद्यार्थी अग्रेषण संस्था के माध्यम से या मण्डल की वेबसाईट पर स्वयं आवेदन कर सकते हैं।

शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन दो मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा कराया जाता है तथा दोनों मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिए गए अंकों के औसत पूर्व में प्राप्त अंकों से पांच प्रतिशत या उससे अधिक अंक वृद्धि होने पर ही मान्य किए जाने का प्रावधान है।

पुनर्मूल्यांकन में अंकों की कमी होने पर अंक घटाए नहीं जाएंगे। पुनर्गणना में अंकों की कमी या वृद्धि दोनों मान्य किया जाता है।

#### पूरक परीक्षा के लिए आवेदन का अंतिम तिथि 30 मई




प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर ने द्वितीय मुख्य परीक्षा 2026 के लिए आगामी तीस मई तक अंतिम तिथि निर्धारित किया है। इसमें वार्षिक परीक्षा 2026 में पंजीकृत वे विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं, जो पूरक श्रेणी, अनुतीर्ण या उत्तीर्ण पश्चात श्रेणी सुधार करना चाहते हैं। वार्षिक परीक्षा 2025 में प्रथम बार पंजीकृत होकर अनुत्तीर्ण या पूरक परीक्षार्थी भी क्रेडिट योजना के तहत पात्रतानुसार अनुत्तीर्ण विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए निर्धारित तिथि तक नियमित परीक्षार्थी अपने विद्यालय से तथा स्वाध्यायी या अवसर परीक्षार्थी समन्वय संस्था के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# प्रशिक्षण शिविर के लिए जिले के 123 एनसीसी कैडेट्स राजनांदगांव रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के पीजी कॉलेज, आदर्श कन्या शाला एवं होली किंगडम स्कूल के कुल 123 एनसीसी कैडेट्स 10 दिवसीय एनुअल ट्रेनिंग कैंप में भाग लेने के लिए राजनांदगांव रवाना हुए। यह प्रशिक्षण शिविर संस्कार सिटी स्कूल, राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है, जिसका संचालन 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी, राजनांदगांव द्वारा किया जा रहा है।

कैम्प में शामिल कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के दौरान परेड, ड्रिल, हथियारों की जानकारी, मैप रीडिंग, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार एवं सामाजिक सेवा से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे कैडेट्स के सर्वांगीण विकास को बल मिलेगा। कैडेट्स के साथ लेफ्टिनेंट भानु प्रताप सिंह एवं थर्ड ऑफिसर छत्रपाल साहू मौजूद रहेंगे, जो पूरे शिविर के दौरान उनका मार्गदर्शन करेंगे।

प्रस्थान से पूर्व एनसीसी अधिकारी जेके सिंह ने कैडेट्स को कैम्प की दिनचर्या, अनुशासन एवं प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें पूरी निष्ठा एवं लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कैडेट्स में उत्साह का माहौल देखा गया।

अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने की अपेक्षा जताई

## बेमौसम बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अंचल में लगातार बदलते मौसम के बीच मंगलवार को कवर्धा सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि इस राहत के साथ ही कई तरह की परेशानियां भी सामने आईं। तेज हवा और बारिश के कारण कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे घंटों तक बिजली गुल रही। बिजली नहीं होने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा, वहीं घरेलू कार्य भी प्रभावित हुए। शहर के कुछ इलाकों में पेड़ की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। स्थानीय लोगों ने बिजली व्यवस्था को शीघ्र बहाल करने और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए बेहतर प्रबंधन की मांग की है।

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर तीन दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पीजी कॉलेज कवर्धा में गणित विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।



इस वर्ष आयोजन की थीम गणित, कला एवं सृजनात्मकता रखी गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन से हुआ। प्रभारी प्राचार्य दीपक देवांगन ने उद्घाटन संबोधन में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदानों को रेखांकित करते हुए गणित के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. एमएस गुप्ता ने रामानुजन के जीवन एवं उनकी गणितीय खोजों पर व्याख्यान दिया, जबकि डॉ. एसआर टंडन ने एआई एवं आईओटी में गणित की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रथम दिवस का समापन हुआ। आगामी दिनों में विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की

## सीएम साय ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# ग्राम कमराखोल का बिजली संकट दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का 4 मई को सुदूर वनांचल ग्राम कमराखोल का दौरा आमजन के लिए राहत और विश्वास का संदेश लेकर आया।

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आम पेड़ के नीचे आयोजित चैपाल में मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को आत्मीयता से सुना और मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह दृश्य शासन और जनता के बीच विश्वास के मजबूत रिश्ते का जीवंत उदाहरण बन गया। इस पहल से क्षेत्र के लोगों में खुशी



#### जमीन पर दिखी संवेदनशीलता

मुख्यमंत्री श्री साय की कार्यशैली केवल आश्वासन तक सीमित नहीं रही। उन्होंने तत्काल कलेक्टर को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि कमराखोल सहित आसपास के गांवों के लोगों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और समस्याओं का समाधान उनके अपने गांव में ही हो सके। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जानकारी दी कि जिले में अब तक 13 हजार से अधिक उपभोक्ता इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं और उन्हें कुल 11.75 करोड़ रुपये से अधिक की छूट प्रदान की जा चुकी है।

#### बिजली बिल की चिंता पर मिला भरोसे का समाधान

चौपाल के दौरान जब एक ग्रामीण ने बढ़ते बिजली बिल और बकाया राशि को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की, तो मुख्यमंत्री ने उसे बीच में ही आश्वस्त करते हुए कहा परेशान होने की जरूरत नहीं है, आपकी सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की बिजली बिल भुगतान समाधान योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई है, जिसके तहत पुराने बकाया बिलों में व्यापक छूट प्रदान की जा रही है। घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ कृषि पंप धारकों को भी योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि बीपीएल परिवारों के लिए विशेष रियायतों का प्रावधान किया गया है।

# ग्राम महली व गुंझेटा में मकान सूचीकरण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

भारत सरकार के जनगणना अभियान के प्रथम चरण के तहत तहसील कुंडा के सर्किल 3 व 4 अंतर्गत ग्राम महली और गुंझेटा में मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।



यह कार्य तहसीलदार राजश्री पांडेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। निर्धारित अवधि 1 से 30 मई के बीच पूरा किए जाने वाले इस कार्य को प्रगणक गिरिजा पटेल (महली) और भरत डोरे गुंझेटा ने मात्र तीन दिनों में ही पूरा कर लिया। आंकड़ों के अनुसार महली में 107 भवन चिन्हांकित कर 126 मकानों की गणना की गई, वहीं गुंझेटा में 170 भवनों के साथ 189 मकानों का पंजीयन किया गया।

अभियान के दौरान पर्यवेक्षक मोहन सिंह राजपूत एवं कलीराम चंद्राकर ने निगरानी की, जबकि सहायक चार्ज अधिकारी नेहा उके ने भी मार्गदर्शन दिया। तहसीलदार ने इस कार्य को योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए प्रगणकों, राजस्व अमले एवं ग्रामीणों के सहयोग की सराहना की।